विनियामक फोरम
(एफओआर)



वार्षिक रिपोर्ट
2023-24

वार्षिक रिपोर्ट

2023-24

विनियामक फोरम (एफओआर)

प्रकाशक:

विनियामक फोरम (एफओआर)

सचिवालय: मार्फत केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी)

8वां तल, टॉवर-बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर नई दिल्ली-110029

दूरभाष +91-11-26189709

प्रस्तावना

मुझे विनियामक फोरम (एफओआर) की वित्तीय वर्ष की 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यह वार्षिक रिपोर्ट हमारे संगठन के एक और असाधारण वर्ष का सारांश प्रस्तुत करती है। इस वित्तीय वर्ष में व्यापक शोध, विभिन्न मुद्दों पर मॉडल विनियमन जारी करने और विनियामक आयोगों और मंत्रालयों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक विचार–विमर्श किया गया, जिससे महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए।

वित्तीय वर्ष के दौरान फोरम द्वारा की गई उल्लेखनीय गतिविधियों में संसाधन पर्याप्तता ढांचे के लिए मॉडल विनियमों का विकास सम्मिलित था। सभी मौजूदा और आने वाले संसाधनों, ग्रिड तत्वों और संबंधित प्रौद्योगिकियों पर विचार करते हुए मांग को पूरा करने के लिए सटीक योजना के महत्व को पहचानते हुए, फोरम के कार्य समूह ने विस्तृत बैठकों, अध्ययनों और विचार–विमर्श के माध्यम से 26 जून, 2023 को आयोजित एफओआर की 86वीं बैठक में एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट विस्तृत अवलोकन प्रदान करती है तथा मांग आकलन एवं पूर्वानुमान, उत्पादन संसाधन नियोजन, खरीद नियोजन, तथा जवाबदेही, पर्याप्त नियोजन एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं अनुपालन के लिए एक प्रमाण के रूप में कार्य करती है। फोरम ने सिफारिशों और मॉडल विनियमों का समर्थन किया तथा वे अपने राज्य–विशिष्ट परिदृश्यों के संबंध में पर्याप्त संसाधन नियोजन और उपलब्धता को प्रबंधित करने और सुनिश्चित करने के लिए सीखे गए सबक को सक्रिय रूप से लागू कर रहे हैं।

एफओआर की 83वीं बैठक में उच्च मानकों को पूरा करने, संगठन को मजबूत बनाने और इसकी अपील को बढ़ाने के लिए मौजूदा स्टाफ विनियमों को संशोधित करने की आवश्यकता को मान्यता दी गई। इसके परिणामस्वरूप, सेबी, पीएफआरडीए आदि जैसे क्षेत्र विनियामकसहित अन्य विनियामककी प्रथाओं के आधार पर मॉडल स्टाफ विनियम तैयार करने का निर्णय लिया गया। एफओआर मॉडल स्टाफ विनियमों का विवरण देने वाली रिपोर्ट 15 दिसंबर, 2023 को आयोजित एक विशेष एफओआर बैठक में प्रस्तुत की गई और उसी बैठक में अनुमोदित कर ली गई। मेरा मानना है कि यह ढांचा न केवल राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के लिए अपितु अन्य क्षेत्रीय विनियामकके लिए भी उनके मानव संसाधन प्रबंधन प्रथाओं को आधुनिक बनाने में लाभकारी सिद्ध होगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि, उत्पादन संयंत्रों और कैप्टिव उपयोगकर्ताओं की स्थिति के सत्यापन पर एफओआर मॉडल विनियमों का समर्थन था। यह मुद्दा मॉडल विनियमों के विकास से संबंधित था, जिन्हें राज्य अपनी जमीनी हकीकत के अनुरूप अपना सकते थे, तथा कैप्टिव उत्पादन और उपभोग की स्थिति के सत्यापन के लिए एक मानक तंत्र स्थापित कर सकते थे। महत्वपूर्ण विचार–विमर्श के उपरांत एक कार्य समूह का गठन किया गया, जिसने विस्तृत अध्ययन के पश्चात, विभिन्न आयोगों के समक्ष आने वाले मुद्दों पर विचार करते हुए, एफओआर की 86वीं बैठक में एक मजबूत मॉडल विनियमन प्रस्तुत किया। यह संबंधित आयोगों के लिए अपने स्वयं के विनियामकअनुकूलन तैयार करने के लिए एक मार्गदर्शक ढांचा प्रदान करता है ताकि विनियामक आयोगों में प्रतिभाशाली और संसाधन संपन्न अधिकारियों और कर्मचारियों को आकर्षित किया जा सके।

विद्युत क्षेत्र के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए, फोरम डिस्कॉम्स की असंवहनीय परिचालन घाटे के कारण उनकी व्यवहार्यता के संबंध में जारी चिंताओं को स्वीकार करता है। फोरम का मुख्य उद्देश्य घाटे में कमी और डिस्कॉम की व्यवहार्यता को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समाधान खोजना था, जिसके परिणामस्वरूप इस मुद्दे पर एक कार्य समूह की स्थापना हुई। इसके अतिरिक्त, फोरम जलविद्युत से संबंधित

चुनौतियों, विशेष रूप से पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने में उनकी भूमिका से संबंधित चुनौतियों का समाधान एक अलग कार्य समूह के माध्यम से कर रहा है।

मानव संसाधन विकसित करने की अपनी प्रमुख जिम्मेदारी के अनुरूप, फोरम ने कार्मिकों और ई.आर.सी. के सदस्यों के लिए दो क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें फरीदाबाद में एनपीटीआई में सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए "उपभोक्ता हितों की सुरक्षा" और साथ ही सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में विद्युत विनियामक आयोगों के सदस्यों के लिए "चौथा वैश्विक विनियामक परिप्रेक्ष्य कार्यक्रम" शामिल था। फोरम ने इस क्षेत्र में उभरती मांगों और विकास के अनुरूप अपने अधिकारियों के क्षमता निर्माण को निरंतर प्राथमिकता दी है।

हमारी प्रगति सदैव हमारे सदस्यों की समर्पित भागीदारी पर निर्भर करती है, और मैं पूरे वर्ष उनकी अक्षुण्ण प्रतिबद्धता के लिए सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। जैसे–जैसे हम 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं, हम उनकी निरंतर साझेदारी और टिकाऊ ऊर्जा प्रथाओं और पारस्परिक उत्कृष्टता से प्रेरित भविष्य बनाने के सामूहिक प्रयास की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष,
एफओआर

विषय–वस्तु

1. **फोरम ऑफ रेगुलेटर्स (फॉर) के बारे में** 7

फोरम का गठन 7

फोरम के कार्य 7

फोरम का वित्त 8

मिशन वक्तव्य 9

2. **फोरम की गतिविधियाँ** 10

क. फोरम ऑफ रेगुलेटर्स की बैठकें

1. 18 अप्रैल, 2023 को धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित 85वीं बैठक 10

2. 26 जून, 2023 को ऊटी, तमिलनाडु में आयोजित 86वीं बैठक 10

3. 25 अगस्त, 2023 को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित 87वीं बैठक 11

4. 13 अक्टूबर, 2023 को मसूरी, उत्तराखंड में आयोजित 88वीं बैठक 11

5. 17 जनवरी, 2024 को कोणार्क, ओडिशा में आयोजित 89वीं बैठक 11

6. 14 जून, 2023 को सीईआरसी, नई दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक 12

7. 15 दिसंबर, 2023 को सीईआरसी, नई दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक 12

8. 8 फरवरी, 2024 को सीईआरसी, नई दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक 12

ख. कार्य समूहः **12**

ग. पूरे किए गए अध्ययनः **13**

1. संसाधन पर्याप्तता ढांचे के लिए मॉडल विनियमन विकसित करना 14

2. मॉडल स्टाफ विनियमन तैयार करना 16

घ. क्षमता निर्माण कार्यक्रम **18**

3. **2023–24 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियाँ (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी)** **20**

क. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग 20

ख. राज्य विद्युत विनियामक आयोग 24

4.	राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थिति रिपोर्ट	29
5.	सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची	32
6.	वर्ष 2023—24 के लिए वार्षिक लेखा—जोखा	34
	अनुलग्नक-I	**56**
	वर्ष के दौरान राज्य विद्युत विनियामक आयोगों / जेईआरसी द्वारा जारी महत्वपूर्ण विनियम और आदेश	56
	अनुलग्नक-II	**116**
	सीईआरसी द्वारा निर्धारित उत्पादन शुल्क	116
	अनुलग्नक-III	**126**
	राज्य विद्युत विनियामक आयोगों / जेईआरसी द्वारा जारी शुल्क आदेश जारी करने की समय—सीमा	126
	अनुलग्नक-IV	**134**
	सीजीआरएफ और लोकपाल का कामकाज	**134**
	वित्त वर्ष 2023—24 के दौरान सीजीआरएफ और लोकपाल के संबंध में रिक्त पदों का सारांश	134
	सीजीआरएफ द्वारा शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक	135
	लोकपाल द्वारा शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक	139

1 विनियामक फोरम (एफओआर) के बारे में

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की संकल्पना वर्ष 1990 के दशक के पूर्वार्ध में हुई, जब महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली विद्युत पर राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) समिति ने वर्ष 1994 में ''सार्वजनिक और निजी उपादेयताओं की टैरिफ नीतियां विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र पेशेवर टैरिफ बोर्ड'' के गठन की सिफारिश की थी। समिति ने दोहराया कि टैरिफ बोर्ड प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त बिजली टैरिफ विकसित करने के मामले में अपने साथ उच्च स्तरीय व्यावसायिकता लाने में सक्षम होंगे। वर्ष 1996 में आयोजित मुख्यमंत्री सम्मेलन में एक विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को दोहराया गया था। विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्य योजना जो इस सम्मेलन में विकसित हुई, में अन्य बातों के साथ–साथ इस बात पर सहमति बनी कि राज्य बिजली बोर्डों (एसईबी) में सुधार लाना और उनका पुनर्गठन नितांत आवश्यक है और इन्हें एक निश्चित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा इस दिशा में एक कदम के रूप में विद्युत विनियामक आयोग सृजित करने की बात पर सहमति बनी। इस प्रकार, केंद्र और राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के सृजन का मार्ग प्रशस्त करते हुए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया था। वर्ष 1998 का अधिनियम टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर करने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। वर्ष 1998 का अधिनियम केंद्र और राज्यों में तर्कसंगत बिजली दर, सब्सिडी के संबंध में पारदर्शी नीतियों आदि के लिए ईआरसी का प्रावधान करता है। वर्ष 1998 अधिनियम को तब से विद्युत अधिनियम, 2003 (संक्षेप में, 2003 अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। वर्ष 2003 अधिनियम की शुरूआत के साथ, अन्य बातों के साथ–साथ सरकार को बिजली बाजार के विकास और सलाहकार कार्य की भूमिका निर्दिष्ट करते हुए विद्युत विनियामक आयोगों के कार्य बढ़ा दिये गयें। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) और अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी) का गठन 1998 अधिनियम के अंतर्गत किया गया था। हालाँकि, कुछ एसईआरसी/जेईआरसी जैसे मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एमएसईआरसी), जेईआरसी– (मणिपुर और मिजोरम), जेईआरसी (गोवा और केंद्र शासित प्रदेश) और जेईआरसी (जम्मू और कश्मीर और लद्दाख) का गठन वर्ष 2003 अधिनियम के लागू होने के उपरांत किया गया था। इस फोरम का गठन विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166(2) के अंतर्गत प्रावधान के अनुसरण में विद्युत मंत्रालय की 16 फरवरी, 2005 की अधिसूचना के अंतर्गत किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा बिजली क्षेत्र के लिए तैयार किये गए नियमों के साथ तालमेल बैठाना था।

फोरम (फोरम) का गठन

यह फोरम केंद्रीय आयोग के अध्यक्ष और राज्य आयोगों के अध्यक्ष से मिलकर बनता है। केंद्रीय आयोग का अध्यक्ष एफओआर का अध्यक्ष होता है। केंद्रीय आयोग का सचिव फोरम का पदेन सचिव होता है। केंद्रीय आयोग इस फोरम को सचिवीय सहायता प्रदान करता है। इस फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में अवस्थित होगा।

फोरम के कार्य–कलाप

यह फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात्:

1) डेटा संग्रह और विश्लेषण:

क. केंद्रीय आयोग और राज्य आयोगों की दर–सूची (टैरिफ) के आदेशों और अन्य आदेशों का विश्लेषण, अधिनियम और टैरिफ नीति के प्रावधानों से अंतर, यदि कोई हो, पर प्रकाश डालना, क्या टैरिफ आदेश और सही समय पर

किए गए हैं, और क्या टैरिफ सभी विवेकसम्मत लागत प्रदर्शित करते हैं, और क्या देय सब्सिडी को समुचित रूप से लेखाबद्ध किया गया है और अधिनियम की धारा 65 के अनुसार उसका भुगतान किया गया है।

2) सब्सिडी लेखांकन –

क. देश में प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारी का यह उल्लेख करते हुए त्रैमासिक विवरणियां तैयार करना कि क्या वितरण कंपनियां सब्सिडीकृत श्रेणी के अंतर्गत उपभोग की गई ऊर्जा और देय प्रति यूनिट सब्सिडी के सटीक लेखाओं के आधार पर हर तिमाही में सब्सिडी की मांग करती हैं, और क्या उक्त सब्सिडी का भुगतान, देय और प्रदत्त सब्सिडी में अंतर के साथ–साथ अन्य सुसंगत विवरण अधिनियम की धारा 65 के अंतर्गत किया जाता है।

ख. देय सब्सिडी की संगणना विद्युत मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी और यह विवरण फोरम द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति तिथि से तीस दिनों के भीतर केंद्र सरकार और संबंधित राज्य आयोग को प्रस्तुत किया जाएगा।

3) नवीकरणीय खरीद अनुपालन की निगरानी –

क. प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारी, कैप्टिव खपत और खुली पहुंच के माध्यम से बिजली खरीदने वाले उपभोक्ता द्वारा लक्ष्यों का अनुपालन नवीकरणीय स्रोतों से बिजली की खरीद जो केंद्र सरकार या राज्य आयोग द्वारा निर्धारित हो, जो भी अधिक हो, के लिए अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम, विनियम, दिशानिर्देश प्रावधानों के अनुसार करेगा।

ख. नवीकरणीय ऊर्जा से खरीद के लक्ष्यों के अनुपालन के लिए डेटा और उसके विश्लेषण से युक्त वार्षिक प्रतिवेदन आगामी वित्तीय वर्ष के 31 मई तक केंद्र सरकार को प्रस्तुत की जाएगी।

4) विद्युत क्षेत्र में विनियमन का सामंजस्य;

5) लाइसेंसधारियों के कार्य निष्पादन मानक निर्धारित करना जो अधिनियम के अंतर्गत यथापेक्षित हैं;

6) फोरम के सदस्यों के बीच सामान्य हित और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुद्दों पर सूचना साझा करना;

7) विद्युत क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुद्दों पर आंतरिक या आउटसोर्सिंग के माध्यम से अनुसंधान कार्य करना;

8) उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करने और विद्युत क्षेत्र में दक्षता लाने, अर्थव्यवस्था और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उपाय विकसित करनाय और

9) ऐसे अन्य कार्यकलाप करना जो केंद्र सरकार समय–समय पर फोरम को निर्दिष्ट करे।

फोरम का वित्तपोषण

केंद्रीय आयोग, फोरम का सचिवालय होने के नाते, फोरम के कार्यकलाप संचालित करने के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकता है। केंद्रीय आयोग फोरम के कार्यकलापों का अलग लेखा–जोखा रखेगा।

मिशन कथन

विनियामक फोरम की संकल्पना भारत में विद्युत क्षेत्र में हिस्सेदारी रखने वाले सभी लोगों के स्वतंत्र विनियमन के विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के मिशन के उद्देश्य से गई थी। इस उद्देश्य की पूर्ति में, फोरम के लक्ष्य इस प्रकार हैं:

1) विद्युत क्षेत्र में विनियमन का सामंजस्य

2) संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन

3) भारत के विद्युत क्षेत्र में विनियामक सुनिश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को फोरम प्रदान करना

4) उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों का कार्यान्वयन करते हुए विद्युत क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने की पहल को सुविधाजनक बनाना।

2 फोरम की गतिविधियाँ

क. विनियामक फोरम की बैठकें

फोरम ने वर्ष 2023–24 के दौरान आठ बैठकें आयोजित कीं और इन बैठकों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनी। एफओआर की इन आठ बैठकों में से तीन बैठकें विशेष बैठकें थीं।

1. धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में दिनांक 18 अप्रैल, 2023 को आयोजित एफओआर की 85वीं बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वारा:

- सदस्यता शुल्क के पुनर्गठन पर एफओआर कार्य समूह की सिफारिशों को शामिल करते हुए एफओआर के बजट को अनुमोदित किया गया।
- केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (सीपीईएस) के अधिकारियों के कैडर निर्धारण के संबंध में सीईए के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिसमें सीईए ने कहा कि विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रशासनिक रूप से नियंत्रित केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (सीपीईएस) के पास विद्युत क्षेत्र के विकास के सभी क्षेत्रों में विशेषज्ञता है और इसलिए वे अन्य एजेंसियों के अलावा विनियामक के प्रभावी कामकाज के लिए आवश्यक विशेषज्ञता की आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम होंगे। फोरम ने निर्णय लिया कि चूंकि ईआरसी अपने कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले अधिकारी हैं, इसलिए सीपीईएस के अधिकारी ईआरसी में पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जब आवेदन मांगे जाते हैं और उनका चयन योग्यता और ईआरसी की आवश्यकतानुसार किया जाएगा। इसलिए, संवर्गीकरण अपेक्षित नहीं है।
- ''हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं के लिए ओपन एक्सेस शुल्क और बैंकिंग शुल्क की गणना'' पर एफओआर मॉडल विनियमों के संबंध में विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के संदर्भ पर चर्चा की गई, जिसमें विद्युत मंत्रालय ने कुछ बिंदु सुझाए।

2. ऊटी, तमिलनाडु में 26 जून 2023 को आयोजित एफओआर की 86वीं बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वारा:

- नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित नीति और विनियामक मामलों पर एक कार्य समूह का गठन किया गया।
- वित्त वर्ष 2022–23 के लिए एफओआर के लेखापरीक्षित लेखाओं को अनुमोदित कर अंगीकृत किया गया।
- उत्पादन संयंत्रों और उनके उपयोगकर्ताओं की कैप्टिव स्थिति के सत्यापन पर एफओआर–मॉडल विनियम अनुमोदित किए गए।
- नवीकरणीय ऊर्जा समृद्ध राज्यों के संदर्भ में सीईआरसी (विचलन निपटान तंत्र और संबंधित मामले) विनियम 2022 के अंतर्गत संशोधनों की आवश्यकता पर चर्चा की गई।
- नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट–मीटरिंग और वर्चुअल नेट–मीटरिंग के कार्यान्वयन के लिए मॉडल विनियम अनुमोदित किए गए।
- विद्युत मंत्रालय से प्राप्त निम्नलिखित प्रतिनिर्देशों पर चर्चा की गई:
  - o आरडीएसएस के अंतर्गत अनुमोदित एटी एंड सी हानि लक्ष्य के अनुरूप राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा निर्धारित वितरण हानियों का संरेखण: फोरम ने नोट किया कि इस संबंध में संबंधित राज्य आयोगों द्वारा उचित कार्रवाई की जा सकती है।

- विद्युत (हरित ऊर्जा मुक्त पहुँच के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना) नियम, 2022 के अंतर्गत हरित टैरिफ का निर्धारण और नियमों का कार्यान्वयनः सदस्यों ने संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा उचित कार्रवाई हेतु इस पर ध्यान दिया।

- डेटा केंद्रों को विद्युत आपूर्ति की सुविधा के लिए तकनीकी समिति की रिपोर्टः फोरम ने विस्तृत सिफारिशों की सराहना की और निर्णय लिया कि संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा उपयुक्त कार्रवाई की जा सकती है।

- वितरण लाइसेंसधारियों (डिस्कॉम) के अलावा अन्य बाध्य संस्थाओं द्वारा उनके नवीकरणीय क्रय दायित्व (आरपीओ) से परे खरीदी गई अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा के उपचार के संबंध में भारतीय ग्रिड नियंत्रक के प्रतिनिर्देश पर चर्चा की गई। भारतीय ग्रिड नियंत्रक ने सुझाव दिया कि वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा रिपोर्ट किया गया अतिरिक्त आरपीओ अनुपालन वास्तव में अन्य बाध्य संस्थाओं के अतिरिक्त आरपीओ के कारण हो सकता है, जिससे उत्तरदायित्व निर्धारण में संभावित समस्या पर प्रकाश डाला गया।

- ''ऊर्जा भंडारण के लिए संसाधन पर्याप्तता और विनियामक ढांचे'' (मॉडल विनियमों सहित) पर एफओआर कार्य समूह की रिपोर्ट का समर्थन किया गया।

3. अगरतला, त्रिपुरा में 25 अगस्त 2023 को आयोजित एफओआर की 87वीं बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वाराः

- 14 जून 2023 को जारी विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) संशोधन नियम 2023 के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई।

- विद्युत मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले विभिन्न नियमों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा करने के उद्देश्य से नियमों के सामंजस्य पर कार्य समूह का गठन किया गया।

- बहुवर्षीय वितरण टैरिफ के लिए मॉडल टैरिफ विनियमों पर विद्युत मंत्रालय द्वारा सुझाए गए परिवर्तनों पर चर्चा की गई।

4. मसूरी, उत्तराखंड में 13 अक्तूबर 2023 को आयोजित एफओआर की 88वीं बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वाराः

- डिस्कॉम के कार्य निष्पादन को प्रभावित करने वाले मुद्दों का अध्ययन करने के लिए डिस्कॉम की व्यवहार्यता पर एक कार्य समूह का गठन किया गया।

- एपीडीसीएल, असम द्वारा स्मार्ट मीटर कार्यान्वयन के लिए आत्मनिर्भर मॉडल पर चर्चा की गई।

- आईईजीसी, जीएनए पर सीईआरसी विनियमों के कार्यान्वयन और पारेषण शुल्क और हानियों को साझा करने पर चर्चा की गई।

5. कोणार्क, ओडिशा में 17 जनवरी 2024 को आयोजित एफओआर की 89वीं बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वाराः

- वितरण क्षेत्र के लिए उच्चतम सीमा टैरिफ पर अध्ययन पर चर्चा की गई।

- ग्रिड स्थिरता के लिए जल विद्युत, विशेष रूप से पंप भंडारण के विकास में तेजी लाने के लिए एक कार्य समूह का गठन किया गया।
- नवीकरणीय ऊर्जा नीति और संबंधित मामलों पर थ्व्ॅळ की प्रारंभिक रिपोर्ट पर चर्चा की गई।
- भारतीय विद्युत क्षेत्र में विनियामक शासन पर आईआईटी कानपुर द्वारा किए गए अध्ययन पर चर्चा की गई।

6. सीईआरसी, नई दिल्ली में 14 जून 2023 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वारा:

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा की गई पहलों और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक विनियामक समर्थन पर चर्चा की गई।
- आरपीओ अनुपालन पर पोर्टल पर चर्चा की गई।
- ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर सोलर रूफटॉप पीवी और पी2पी ट्रेडिंग एनर्जी की राष्ट्रीय रजिस्ट्री पर चर्चा की गई।
- ब्लॉकचेन पायलट परियोजनाओं पर चर्चा की गई।

7. सीईआरसी, नई दिल्ली में 15 दिसंबर 2023 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक

इस बैठक के दौरान फोरम द्वारा:

- एफओआर मॉडल स्टाफ विनियमों पर एफओआर कार्य समूह की रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया।
- ईआरसी के अध्यक्षों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।
- आयुक्तों के भत्ते/वेतन पर चर्चा की गई।

8. सीईआरसी, नई दिल्ली में 8 फरवरी 2024 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक

बैठक के दौरान फोरम ने निम्नलिखित पर चर्चा की।

- सीईआरसी संयोजकता और अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली तक सामान्य नेटवर्क पहुंच के संदर्भ में मॉडल विनियम) विनियम 2022
- टैरिफ विनियमों में बायोमास सह–फायरिंग।

ख. कार्य समूहः

वर्ष के दौरान, एफओआर ने निम्नलिखित कार्य समूह/समितियां गठित कीं:

क) नीति और विनियामक मामलों से संबंधित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) के विभिन्न उभरते मुद्दों से निपटने के लिए कार्य समूह।

ख) एफओआर की स्थायी तकनीकी समिति का पुनर्गठन किया गया।

ग) भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए जा रहे विभिन्न नियमों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों के संदर्भ में मुद्दों के समाधान के लिए षनियमों और विनियमों के सामंजस्य/ पर कार्य समूह।

(घ) डिस्कॉम की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए कार्य समूह, जिसमें घाटे में कमी, कर्मचारी लागत और डिस्कॉम की व्यवहार्यता को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(ङ) देश में जलविद्युत विकास को प्रोत्साहित करने के उपायों का पता लगाने तथा जलविद्युत क्षमता (पंप भंडारण सहित) का दोहन तेज करने के तरीके और साधन सुझाने के लिए कार्य समूह।

ग. फोरम द्वारा किए गए अध्ययनः

वितरण क्षेत्र, विद्युत क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है, तथा वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिति और परिचालन दक्षता, क्षेत्र की समग्र व्यवहार्यता के लिए भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों में विद्युत वितरण क्षेत्र की वाणिज्यिक व्यवहार्यता और स्थिरता में सुधार के लिए विभिन्न सुधार लागू किए गए हैं। वर्ष 2003 के विद्युत अधिनियम ने प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और एक ही आपूर्ति क्षेत्र में कई लाइसेंसधारियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से एक विनियामक ढांचा प्रस्तुत करके इन सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन उद्देश्यों के अनुरूप, एफओआर ने भारत में वितरण क्षेत्र के लिए अधिकतम टैरिफ का अध्ययन करने और प्रस्ताव देने के लिए ळमड के माध्यम से बोली लगाकर एक परामर्शदाता को नियुक्त किया।

इसका कार्यक्षेत्र इस प्रकार हैः

- भारत में बिजली की खुदरा बिक्री के लिए अधिकतम शुल्क सीमा पर मौजूदा कानूनी, नीतिगत और विनियामक ढांचे का अध्ययन करना।
- वितरण क्षेत्र में बिजली की खुदरा बिक्री के लिए अधिकतम शुल्क के कार्यान्वयन और संचालन पर अंतर्राष्ट्रीय अनुभवों की समीक्षा करना।
- भारत में बिजली की खुदरा बिक्री के लिए अधिकतम शुल्क के कार्यान्वयन में चुनौतियों की पहचान करना।
- उपरोक्त अभ्यासों से प्राप्त सीखों के आधार पर भारतीय संदर्भ में अधिकतम टैरिफ के कार्यान्वयन के लिए संभावित विकल्प/परिदृश्य विकसित करना।
- भारत में डिस्कॉम के लिए बिजली की खुदरा बिक्री के लिए अधिकतम टैरिफ व्यवस्था के कार्यान्वयन के लिए खाका/ढांचा विकसित करना।

कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित खाके के साथ "भारत में वितरण क्षेत्र के लिए उच्चतम सीमा वाले टैरिफ" पर एफओआर अध्ययन रिपोर्ट को जनवरी 2024 में आयोजित एफओआर की 89वीं बैठक में अनुमोदित किया गया।

क. व्हीलिंग और आपूर्ति खाता पृथक्करणः

i. अधिकतम टैरिफ में नेटवर्क और परिचालन लागत का सटीक निर्धारण करने के लिए डिस्कॉम खातों को व्हीलिंग और आपूर्ति व्यवसाय में अलग करना आवश्यक है।

ii. प्रत्येक लागत मदों का तदनुसार पृथक–पृथक लागतों के साथ बेंचमार्क बनाया जा सकता है/सूचीबद्ध किया जा सकता है।

ख. क्रॉस सब्सिडी का सुव्यवस्थितिकरणः

i. यह देखा गया है कि हेडरूम की अनुमति देने के बाद भी, कई उप–श्रेणियों का एबीआर अधिकतम टैरिफ से अधिक रहता है।

ii. टैरिफ नीति के अनुरूप ±20%, के भीतर क्रॉस सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने से यह सुनिश्चित होगा कि टैरिफ अधिकतम सीमा से नीचे या बराबर रहे।

ग. हेडरूम के लिए विस्तृत लागत विश्लेषण:

i. मूल्य में उतार–चढ़ाव या अनियंत्रित लागत के कारण राज्य दर राज्य अलग–अलग हो सकते हैं।

ii. राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी) अपने–अपने राज्यों/क्षेत्र में डिस्कॉम के लिए विस्तृत विश्लेषण कर सकते हैं, जिससे वे पिछले ट्रू–अप में लागत की भिन्नता की ऐतिहासिक प्रवृत्ति के आधार पर अधिकतम टैरिफ में हेडरूम भत्ते के उचित स्तर की गणना कर सकें।

घ. अधिकतम सीमा शुल्क की क्षेत्र प्रयोज्यता:

i. राज्य विद्युत विनियामक आयोग अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र के प्रकार के आधार पर यह निर्णय ले सकते हैं कि किस क्षेत्र में अधिकतम टैरिफ लागू किया जाना है:

1. पूरे राज्य में एक ही डिस्कॉम
2. अनेक डिस्कॉम लेकिन एक समान टैरिफ
3. एकसमान टैरिफ के बिना एकाधिक समानांतर लाइसेंस

च) राज्य विद्युत विनियामक आयोग अपने–अपने क्षेत्रों में डिस्कॉम्स के लिए विस्तृत विश्लेषण कर सकते हैं।

छ) राज्य विद्युत विनियामक आयोग राज्य में विद्युत वितरण उपयोगिताओं के लिए अगली नियंत्रण अवधि की शुरुआत के साथ–साथ प्रथम अधिकतम टैरिफ निर्धारित कर सकता है। यदि राज्य में विभिन्न डिस्कॉम्स की नियंत्रण अवधि भिन्न है, तो आयोग उस वर्ष पर निर्णय ले सकता है जो राज्यक्षेत्र में बड़ी डिस्कॉम्स की नियंत्रण अवधि के प्रारंभ के करीब हो (इस प्रकार, अधिक उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगा) या डेटा की उपलब्धता के आधार पर किसी वर्ष पर निर्णय ले सकता है।

1. संसाधन पर्याप्तता ढांचे के लिए आदर्श विनियमन विकसित करना

17 अगस्त 2020 को आयोजित 72वीं बैठक के दौरान एफओआर का एक कार्य समूह गठित किया गया, जिसका कार्य क्षेत्र निम्नलिखित है:

1) राज्यों में संसाधन पर्याप्तता की अपेक्षा का आकलन करने के लिए विशेष रूप से देश में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार और देश में मौजूदा ताप विद्युत उत्पादन स्टेशनों पर इसके प्रभाव को देखते हुए अध्ययन,य

2) ऊर्जा भंडारण की अपेक्षा पर विचार–विमर्श करना तथा ऊर्जा भंडारण के लिए विनियामक ढांचे का सुझाव देनाय

3) इस संबंध में आदर्श विनियम तैयार करना।

कार्य समूह की प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं:

भाग क: मांग आकलन और पूर्वानुमान

- वितरण लाइसेंसधारियों को नवीनतम ईपीएस को आधार मानकर मांग का पूर्वानुमान लगाना चाहिए, जिसमें उपभोक्ता डेटा, ऐतिहासिक और मौसम संबंधी डेटा, जनसांख्यिकीय चर और टीएंडडी घाटे जैसे विभिन्न इनपुट को एकीकृत किया जाए।

- पूर्वानुमानों में विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों और मौसमी विविधताओं में उपभोग प्रोफाइल पर विचार किया जाए।
- लाइसेंसधारियों को अपने पूर्वानुमानों में एलईडी प्रवेश, उपकरण उपयोग और अन्य ऊर्जा खपत कारकों जैसे कारकों को शामिल किया जाए।
- पूर्वानुमान 1–वर्ष (अल्पावधि) और 5–वर्ष (मध्यावधि) अवधि के लिए प्रति घंटे तैयार किया जाए।
- राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) या राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) को इन पूर्वानुमानों को एकत्रित किया जाए और उन्हें केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए)/राष्ट्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) को प्रस्तुत किया जाए।

भाग खः उत्पादन संसाधन नियोजन

- क्रेडिटिंग क्षमता, संसाधन पर्याप्तता (आरए) मूल्यांकन, विशेष रूप से परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा (वीआरई) के लिए अत्यंत आवश्यक है,।
- पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों पर विचार करते हुए, वीआरई क्षमता क्रेडिट गणना के लिए शुद्ध भार–आधारित दृष्टिकोण का उपयोग किया जाए।
- जलविद्युत और तापीय संसाधनों के लिए क्षमता क्रेडिट में क्रमशः जल उपलब्धता और कोयले की उपलब्धता पर विचार किया जाए।
- रिजर्व मार्जिन (पीआरएम) की योजना विश्वसनीयता सूचकांकों जैसे लोड संभाव्यता हानि (एलओएलपी) और नॉट–सर्व्ड एनर्जी (एनईएनएस) पर आधारित हो।
- राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) द्वारा राज्य स्तरीय अपेक्षाओं की समीक्षा के साथ नियमित मूल्यांकन और समायोजन के साथ एक राष्ट्रीय आरए नियोजन दृष्टिकोण की सिफारिश की जाती है।

भाग गः खरीद योजना

- खरीद संसाधन मिश्रण को विश्वसनीयता बनाए रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को अनुकूलित किया जाए।
- वितरण लाइसेंसधारियों का पहले क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध क्षमता पर विचार किया जाए, तथा बाहरी खरीद पर विचार करने से पूर्व पारेषण लागत का अनुकूलन किया जाए।
- दीर्घकालिक और मध्यम अवधि के अनुबंधों में क्षमता अपेक्षाओं का बड़ा हिस्सा शामिल हो।
- राष्ट्रीय स्तर पर अल्पकालिक क्षमता साझाकरण के लिए एक विनियामक ढांचा स्थापित किया जाए ताकि राज्यों और वितरण कंपनियों को अधिशेष/घाटे की क्षमता का आदान–प्रदान करने की अनुमति मिल सके।

भाग घः निगरानी और अनुपालन

- राज्य उपयोगिताओं को क्षमता की कमी की निगरानी करनी चाहिए और आरए आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
- राज्य विद्युत विनियामक आयोगों को राष्ट्रीय क्षमता नीलामी या द्विपक्षीय अनुबंधों के माध्यम से निगरानी की जाए तथा अनुपालन की अनुमति दी जाए।

- आरए अपेक्षाओं का अनुपालन न करने पर राज्य आयोग द्वारा निर्धारित दंड लगाया जाएगा।

26 जून 2023 को आयोजित एफओआर की 86वीं बैठक के दौरान रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया और उसे अंगीकृत किया गया।

2. आदर्श स्टाफ विनियम तैयार करना

18 नवंबर 2022 को आयोजित 83वीं बैठक के दौरान निम्नलिखित कार्यक्षेत्र के साथ एक कार्य समूह का गठन किया गया:

1. स्टाफ विनियमन के संबंध में सेबी, पीएफडीआरए आदि जैसे अन्य क्षेत्र के विनियामक सहित अन्य विनियामक की प्रथाओं का अध्ययन करना।

2. भर्ती की पद्धति, योग्यता आदि का सुझाव देते हुए मॉडल स्टाफ विनियमन (सामान्य रूप से) तैयार करना।

कार्य समूह की प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं:

क. आदर्श सेवा विनियमों की संरचना/प्रारूप:–

सेबी के स्टाफ सेवा विनियम काफी विस्तृत हैं और सेवा की सामान्य शर्तों के विभिन्न पहलुओं को व्यापक रूप से परिभाषित करते हैं। इस प्रकार समय–समय पर संशोधित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी सेवा) विनियमों के अनुरूप एफओआर मॉडल सेवा विनियमों का मसौदा तैयार किया जाए। इन मॉडल विनियमों में कार्यात्मक प्रभाग परिभाषित किए जाएं, जबकि विभिन्न पदों के पदनाम संबंधित ईआरसी के विवेक पर छोड़ दिए जाए।

ख. वेतन एवं भत्ते:–

- विद्युत विनियामक आयोगों में प्रतिभाओं को आकर्षित करने और बनाये रखने के लिए, कर्मचारियों के वेतन और भत्ते बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप हों और कम से कम अन्य क्षेत्रीय विनियामक के बराबर हों।

- सर्वप्रथम, सीईआरसी के कर्मचारियों के वेतन और भत्ते सेबी के अनुरूप तैयार किए जाए। जब भी सेबी अपने वेतनमान में संशोधन करे, तो उसके अनुरूप परिवर्तन सीईआरसी पर भी लागू हों।

- राज्य विद्युत विनियामक आयोग सीईआरसी कर्मचारियों के लिए लागू वेतन और भत्ते अपनाएं। जब भी सीईआरसी अपने वेतनमान में संशोधन करेगा, तो संबंधित परिवर्तन राज्य विद्युत विनियामक आयोगों पर भी लागू होंगे।

- यह व्यवस्था अंतर–विनियामक आयोग के बीच जनशक्ति के हस्तांतरण को भी सुगम बनाएगी तथा विनियमन की अंतःअनुशासनात्मक प्रकृति को देखते हुए, आयोगों में सुविचारित निर्णय लेने में वृद्धि करेगी।

- प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी अपने मूल संगठन या संबंधित ईआरसी के वेतनमान का विकल्प चुन सकते हैं।

ग. चिकित्सा सुविधाएं:–

- आईपीडी मामलों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के निम्नलिखित विकल्प हो सकते हैं:
  - वास्तविक आधार पर विचार करना;
  - स्वास्थ्य बीमा / मेडिक्लेम पॉलिसी।
- ओपीडी मामलों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के निम्नलिखित विकल्प हो सकते हैं:
  - सीईआरसी में यथालागू सुविधाएं
  - ओपीडी प्रतिपूर्ति के बदले प्रमाणन के आधार पर एक माह का मूल वेतन् डीए (जैसा कि सेबी विनियमों में है)

घ. आवास:–

सेबी / केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू एचआरए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के कर्मचारियों के लिए भी माने जाएं। पट्टे पर दिए गए आवास के लिए, सीमा लागू एचआरए से दोगुनी हो।

ङ. विदेश यात्रा / दौरा:

ईआरसी के अधिकारियों / कर्मचारियों के विदेश दौरे / भ्रमण की अनुमति ईआरसी के अध्यक्ष के अनुमोदन से दी जा सकती है।

च. प्रतिनियुक्ति / पदोन्नति:–

- ईआरसी में कर्मचारियों की कम संख्या को देखते हुए ईआरसी / केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त संगठनों से प्रतिनियुक्ति को भर्ती का प्राथमिक तरीका बनाया जाएगा।
- नियमित कर्मचारियों के लिए पर्याप्त पदोन्नति के अवसर हों।
- शैक्षणिक संस्थानों से प्रतिनियुक्ति को सरकार (केन्द्र / राज्य) के स्वामित्व और नियंत्रण वाले संस्थानों से प्रतिबंधित किए जाएं।

छ. समायोजन:–

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के पास स्थायी समायोजन का अनुरोध करने का विकल्प हो सकता है। हालाँकि, समायोजन का प्रावधान केवल प्रवेश स्तर पर होगा जब कर्मचारी पद पर कम से कम दो (2) वर्ष सेवा कर चुका हो। समायोजन पर अग्रिम वेतन वृद्धि पाँच (5) तक सीमित हो।

ज. प्रशिक्षण / उच्च शिक्षा:

ई.आर.सी. उन कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को नामित कर सकता है जो किसी भी ई.आर.सी. (राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय) द्वारा विनिमय कार्यक्रम के एक भाग के रूप में किसी समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संचालित किए जाते हैं।

कार्य समूह की रिपोर्ट को 15 दिसंबर 2023 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया और उसे अंगीकृत किया गया।

घ क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम (एफओआर) की प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक विद्युत विनियामक आयोगों (एफओआर) के कर्मचारियों का क्षमता निर्माण करना है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में फोरम द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. **24 से 25 अगस्त, 2023 के दौरान एनपीटीआई परिसर, फरीदाबाद में सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए "उपभोक्ता हितों की सुरक्षा" पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

   - कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए प्रमुख विषय इस प्रकार हैं:
   - शिकायत निवारण – उपभोक्ता परिप्रेक्ष्य और विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम
   - उपभोक्ता सशक्तिकरण और शिकायत निवारण तंत्र
   - सीजीआरएफ और लोकपाल के समक्ष उठने वाले महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे
   - उपभोक्ता शिकायतों से निपटने की प्रक्रिया – एक आदर्श तंत्र
   - ग्राहक सेवा प्रथाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप
   - उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए कार्य निष्पादन के मानकों और सक्षम विनियामक प्रावधानों की शुरूआत
   - विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ताओं से संबंधित संवैधानिक कानून और ऐतिहासिक निर्णय

2. **20 से 22 नवंबर 2023 को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित विद्युत विनियामक आयोगों के सदस्यों के लिए चौथा वैश्विक विनियामक परिप्रेक्ष्य कार्यक्रम**

   कार्यक्रम के दौरान कवर किये गये प्रमुख विषय इस प्रकार हैं:

   - वितरण नेटवर्क टैरिफ और प्रदर्शन के मानक
   - मांग प्रतिक्रिया कार्यक्रम का डिजाइन और कार्यान्वयन
   - विनियामक अभिशासनः एक विचार–मंथन सत्र
   - ऑस्ट्रेलिया में बिजली क्षेत्र के लिए विनियामक शासन
   - बिजली क्षेत्र में खुदरा प्रतिस्पर्धा को लागू करनाः ऑस्ट्रेलियाई अनुभव
   - ऑस्ट्रेलियाई विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण
   - ऑस्ट्रेलिया में नवीकरणीय ऊर्जा विकास के लिए विनियामक और नीतिगत ढांचा
   - आर.ई. समृद्ध प्रणालियों के लिए नेटवर्क एक्सेस और मूल्य निर्धारण
   - पोर्ट केम्बला हाइड्रोजन हब का स्थल दौरा

Himachal Pradesh Electricity Regulatory Commission


FORUM OF REGULATORS (FOR)
89TH MEETING
Venue: Konark, Odisha
FORUM OF REGULATORS (FOR)
89TH MEETING
Venue: Konark, Odisha

FORUM OF REGULATORS (FOR)
88TH MEETING
AT MUSSOORIE, UTTARAKHAND

FORUM OF REGULATORS (FOR)
87TH MEETING

3 विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों (सीईआरसी/एसईआरसी/जेईआरसी) की वर्ष 2023–24 में उपलब्धियां

क. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

i. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन प्रणाली तक कनेक्टिविटी और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (पहला संशोधन) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 2 के खंड (47), धारा 38 की उपधारा (2) के खंड (डी), धारा 40 के खंड (सी) और धारा 79 की उपधारा (1) के खंड (सी) के साथ पठित धारा 178 की उपधारा (1) और धारा 178 की उपधारा (2) के खंड (जेडई) द्वारा उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सीईआरसी ने 1 अप्रैल, 2023 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (पहला संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया।

संशोधन के माध्यम से, आयोग ने मूल केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) विनियम, 2022 के विभिन्न विनियमों में संशोधन करने के अलावा, सामान्य नेटवर्क पहुंच–नवीकरणीय ऊर्जा, मेजबान राज्य और अस्थायी सामान्य नेटवर्क पहुंच–नवीकरणीय ऊर्जा की परिभाषा को शामिल किया। आयोग ने संशोधन के माध्यम से कनेक्टिविटी अनुदानकर्ता द्वारा संतुष्ट होने के बाद की शर्तें, शर्तों को पूरा न करने के परिणाम और कनेक्टिविटी का निरसन भी प्रदान किया। इसके अलावा, एक नया अनुबंध–IX 'क्षेत्रीय इकाई उत्पादन स्टेशन से किसी राज्य द्वारा प्रत्यक्ष निकासी' निर्धारित करने के लिए एक पद्धति प्रदान करता है।

जबकि 23.1, 24.2, 24.3, 34.2, 34.3 और 34.4 के अलावा संशोधन के सभी प्रावधान और जीएनए विनियमन के नए विनियम 26.4, 26.5 और 26.6 दिनांक 06.04.2023 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से 05.04.2023 को प्रवृत्त हुए, जिन प्रावधानों को 05.04.2023 को कार्यान्वयन से स्थगित कर दिया गया था, वे 3 अगस्त 2023 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से 01.10.2023 को प्रवृत्त हुए।

ii. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (परामर्शदाताओं की नियुक्ति) (चौथा संशोधन) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 178 के साथ पठित धारा 91(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सीईआरसी ने 12 मई, 2023 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (परामर्शदाताओं की नियुक्ति) (चौथा संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया।

इस अधिसूचना के माध्यम से, सीईआरसी ने मुख्य विनियमन के विनियमन 6(6) के बाद एक नया विनियमन 6ए सम्मिलित किया, जो सीईसी को एक वर्ष के लिए परामर्शदाताओं का एक पैनल तैयार करने का अधिकार देता है, जिनसे केवल सीईआरसी के साथ कार्य करने के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जा सकती हैं। इसके अलावा, संशोधनों के माध्यम से मूल विनियमन के विनियमन 8 के खंड (4) में संशोधन भी लागू किया गया।

ये संशोधन आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त हुए।

iii. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 178 की उप–धारा (2) के खंड (जी) के साथ धारा 79 की उप–धारा (1) के खंड (एच) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने 29 मई 2023 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया। ग्रिड कोड में अन्य बातों के अलावा संसाधन नियोजन कोड, कनेक्शन कोड, सुरक्षा कोड, कमीशनिंग और वाणिज्यिक संचालन कोड, संचालन कोड, शेड्यूलिंग और डिस्पैच कोड, साइबर सुरक्षा, निगरानी और अनुपालन कोड और विविध पर अध्याय शामिल थे। ग्रिड कोड के नियम 01.10.2023 को प्रचलित हुए।

इसके अलावा, विनियमन 30 (11) (के), विनियमन 30 (11) (ए), विनियमन 30 (11) (क्यू), और विनियमन 30 (12) (डी) के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसार, एनएलडीसी ने अपने पत्र दिनांक 20.09.2023 के माध्यम से हितधारकों के परामर्श के बाद आयोग के अनुमोदन के लिए "सूचना विनिमय और समयसीमा के साथ–साथ द्वितीयक और तृतीयक रिजर्व क्षमता की मात्रा के आकलन के लिए विस्तृत प्रक्रिया" प्रस्तुत की। आयोग ने याचिका संख्या एल–1/265/2022/सीईआरसी के अंतर्गत 28 सितंबर 2023 के अपने आदेश के माध्यम से "सूचना विनिमय और समयसीमा के साथ द्वितीयक और तृतीयक रिजर्व क्षमता की मात्रा के आकलन के लिए विस्तृत प्रक्रिया" को मंजूरी दी।

इसके अलावा, आयोग ने याचिका 14/एसएम/2023 के अंतर्गत दिनांक 30.09.2023 के अपने आदेश के माध्यम से केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2023 के कुछ प्रावधानों को प्रभावी करने में कठिनाइयों को दूर करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया और सीओडी की घोषणा से 'डी 2' दिन से उत्पादन इकाई का निर्धारण, जबरन आउटेज के मामले में अनुमानित बहाली समय में संशोधन, घोषित क्षमता में संशोधन, इकाई बंद होने की स्थिति में आपूर्ति करने की बाध्यता, पंप स्टोरेज प्लांट का ट्रायल रन, डे अहेड मार्केट में निर्धारण के लिए जनरेटर की सहमति, एसटीओए से टी–जीएनए व्यवस्था में परिवर्तन, और पहली बार विद्युतीकरण की प्रक्रिया और नए और संशोधित बिजली प्रणाली तत्वों के एकीकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण/ढील प्रदान की।

इसके अलावा, आयोग ने याचिका 18/एसएम/2023 के अंतर्गत दिनांक 18.12.2023 के अपने आदेश के माध्यम से, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2023 के कुछ प्रावधानों को प्रभावी करने में कठिनाइयों को दूर करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया और न्यूनतम टर्नडाउन शेड्यूल जारी करने, आंशिक लोडिंग के लिए घोषित क्षमता में संशोधन और शटडाउन के अंतर्गत इकाइयों पर टीआरएएस और एससीईडी के अंतर्गत अनुसूचियों सहित विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण/ढील प्रदान की।

iv. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेशण शुल्क और घाटे का बंटवारा) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) के भाग V के साथ धारा 178 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सीईआरसी ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन शुल्क और घाटे का बंटवारा) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2023 को लागू किया।

अधिसूचना के माध्यम से, आयोग ने "मान्य सीओडी" शब्द को परिभाषित किया और प्रमुख विनियमों के विनियमन 11, विनियमन 12 और विनियमन 13 में संशोधन भी किए।

ये संशोधन 01.11.2023 से प्रवृत हुए।

v. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेशण शुल्क और घाटे का बंटवारा) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) के भाग ट के साथ पठित धारा 178 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सीईआरसी ने 26.10.2023 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यीय पारेषण प्रभार और घाटे का बंटवारा) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2023 अधिसूचित किया।

मूल विनियमन के विनियमन 5 के खंड (3) के उप–खंड (घ) में निम्नलिखित परंतुक अंतर्विष्ट किया गया:

''परंतु यह कि जहां किसी विशेष क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करने के लिए योजनाबद्ध अंतर–क्षेत्रीय एचवीडीसी ट्रांसमिशन प्रणाली को सिस्टम आवश्यकताओं के कारण विपरीत दिशा में बिजली ले जाने के लिए संचालित किया जाता है, राष्ट्रीय घटक में विचार किए जाने वाले ऐसे ट्रांसमिशन सिस्टम के वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्क का प्रतिशत इन विनियमों के विनियमन 6 के खंड (1) के उप–खंड (क) के अनुसार 30 प्रतिशत या उससे अधिक होगा।''

3.मूल विनियमन के विनियमन 6 के खंड (1) के उप–खंड (क) को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगा:

"(क) एचवीडीसी (आरसी–एचवीडीसी) का क्षेत्रीय घटक जिसमें विनियमन 5 के खंड (3) के उपखंड (क), (ख) और (ग) के अंतर्गत आने वाली एचवीडीसी ट्रांसमिशन प्रणालियों को छोड़कर, संबंधित क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करने के लिए नियोजित एचवीडीसी ट्रांसमिशन प्रणालियों के वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्क का 70 प्रतिशत शामिल है:

परंतु यह कि जहां किसी विशेष क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति करने के लिए नियोजित अंतर–क्षेत्रीय एचवीडीसी पारेषण प्रणाली को प्रणाली आवश्यकताओं के कारण विपरीत दिशा में विद्युत ले जाने के लिए संचालित किया जाता है, वहां क्षेत्रीय घटक और राष्ट्रीय घटक में विचार किए जाने वाले ऐसे पारेषण प्रणालियों के वार्षिक पारेषण प्रभारों का प्रतिशत की संगणना निम्नानुसार की जाएगी:

एचवीडीसीआर (प्रतिशत में) = (विपरीत दिशा में विद्युत प्रवाह की मेगावाट क्षमता/आगे की दिशा में विद्युत प्रवाह की मेगावाट क्षमता) X100

जहां एचवीडीसीआर (प्रतिशत में) 30 प्रतिशत से अधिक है, एचवीडीसीआर के अनुरूप वार्षिक पारेषण प्रभार को राष्ट्रीय घटक में और शेष को क्षेत्रीय घटक में माना जाएगा।

जहां, एचवीडीसीआर (प्रतिशत में) 30 प्रतिशत के बराबर या उससे कम है, वार्षिक पारेषण प्रभार का 30 प्रतिशत राष्ट्रीय घटक में और 70 प्रतिशत क्षेत्रीय घटक में माना जाएगा:

परंतु यह कि विपरीत दिशा में विद्युत प्रवाह की मेगावाट क्षमता एनएलडीसी द्वारा ऐसी क्षमता के बराबर वास्तविक विद्युत प्रवाह के माध्यम से प्रमाणित की जाएगी। ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त हुए।

vi. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (शुल्क की निबंधन और भार्तें) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2023

विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 178 की उपधारा (2) के खंड (खंडों) के साथ पठित धारा 61 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सीईआरसी ने 15 दिसंबर 2023 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2023 को अधिसूचित किया।

अधिसूचना के माध्यम से, मूल विनियमों के परिशिष्ट-II "एक माह के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता कारक की गणना की प्रक्रिया" के अंतर्गत खंड (4) और खंड (5) में संशोधन किए गए।

ये संशोधन इन विनियमों के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त हुए।

vii. सीईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए निबंधना और शर्तें) विनियम, 2024

आयोग ने 17.02.2024 को सीईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए निबंधना और शर्तें) विनियम, 2024 को अधिसूचित किया। विनियमन का मुख्य उद्देश्य पारदर्शी और भागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित ग्रिड इंटरएक्टिव बिजली परियोजनाओं के टैरिफ निर्धारण के लिए निबंधन और शर्तें निर्दिष्ट करना है।ये विनियम उन सभी मामलों पर लागू होते हैं, जहाँ किसी उत्पादन केंद्र या उसकी इकाई के लिए टैरिफ ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित है, और वे विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 178 के खंड (2) के उप–खंड (ओं) के साथ धारा 61 के अंतर्गत आते हैं। आयोग ने 17.02.2024 को मसौदा अधिसूचना पर सुझावधटिप्पणियाँ और आपत्तियाँ आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया और 19.03. 2024 को एक सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की।

viii. "डीएसएम विनियमों के कार्यान्वयन के संबंध में अपर्याप्त प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिक्रिया के कारणों का विश्लेषण" पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट।

डीएसएम विनियमों के कार्यान्वयन के संबंध में अपर्याप्त प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिक्रिया के कारणों का विश्लेषण" पर सीईआरसी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट जनवरी 2024 में जारी की गई थी। इस रिपोर्ट में समिति ने प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक रिजर्वों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपायों की सिफारिश की और मूल्य संरचना में समरूपता के प्रमुख डिजाइन सिद्धांतों के आधार पर ग्रिड से जुड़ी संस्थाओं के लिए डीएसएम शुल्कों के संशोधित ढांचे का प्रस्ताव भी रखा, ग्रिड संस्थाओं को अत्यधिक प्रोत्साहन देने से बचना, सहायक सेवाओं में भागीदारी को प्रोत्साहित करना और ग्रिड से जुड़ी संस्थाओं के लिए एक अन्य बाजार साधन के रूप में डीएसएम को हतोत्साहित करना। विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के अनुसार, सामान्य विक्रेताओं और क्रेताओं के लिए विचलन प्रभार को प्रचालन आवृत्ति बैंड, अर्थात् 49.90 हर्ट्ज से 50.05 हर्ट्ज के भीतर वर्गीकृत किया जा सकता हैय तथापि, प्रचालन बैंड से परे, विचलन प्रभार को आवृत्ति की परवाह किए बिना एकसमान रखा जा सकता है। इसके अलावा, श्रेणीबद्ध विचलन प्रभार संबंधित क्रेताओं और विक्रेताओं की प्रारंभिक मात्रा सीमा तक सीमित हैं, जिसके आगे प्रभार इस प्रकार प्रस्तावित किए गए हैं कि किसी भी आगे के विचलन को हतोत्साहित किया जाएगा, ताकि ग्रिड पर निर्भर रहने के बजाय सहायक सेवा तंत्र में ऐसी संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके।

ix. याचिका संख्या 05/एसएम/2023 में स्वतः संज्ञानः

आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन निपटान तंत्र और संबंधित मामले) विनियम, 2022 के विनियम 11 और विनियम 12 के अंतर्गत अपनी शक्ति के अंतर्गत डीएसएम विनियमन के कार्यान्वयन में कठिनाई को दूर करने और शिथिल करने के लिए याचिका संख्या 05/एसएम/2023 में 09.04.2023 को स्वतः संज्ञान आदेश जारी किया।यह आदेश विद्युत एक्सचेंज में हाई प्राइस डे अहेड मार्केट (एचपी–डीएएम) की शुरूआत तथा विद्युत एक्सचेंजों के विभिन्न बाजार खंडों में मूल्य सीमा में संशोधन के मद्देनजर जारी किया गया। आयोग ने यह आदेश उन विक्रेताओं के विचलन शुल्क के उपचार के लिए जारी किया है जिनकी बोलियाँ एचपी–डीएएम बाजार में स्वीकृत हो गई हैं। विचलन के लिए शुल्क की सामान्य दर एचपी–डीएएम के अनुरूप थी ताकि एचपी–डीएएम और कैड के बीच किसी भी संभावित मध्यस्थता को रोका जा सके।

ख. राज्य विद्युत विनियामक आयोग

1. अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने हरित ऊर्जा मुक्त पहुँच और गणना विनियमों के लिए कार्यप्रणाली, नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क निर्धारण के लिए निबंधन और शर्तें, विद्युत आपूर्ति कोड विनियम, ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग सहित नेट मीटरिंग के साथ ग्रिड इंटरएक्टिव वितरित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली, नेट बिलिंगध्नेट फीड–इन, सकल मीटरिंग और इसके संबंधित मामले) विनियम, 2024 से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ट में दिया गया है।

2. आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने प्रदर्शन विनियमन के मानकों, नवीकरणीय खरीद दायित्व/नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र विनियम 2022 की खरीद द्वारा अनुपालन, कारबार विनियम आदि के संचालन से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ट में दिया गया है।

3. असम विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने विद्युत आपूर्ति संहिता से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए तथा वितरण लाइसेंसधारियों के प्रदर्शन के मानक में संशोधन किया। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ट में दिया गया है।

4. बिहार विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने नवीकरणीय खरीद दायित्व, इसके अनुपालन और आरईसी फ्रेमवर्क कार्यान्वयन विनियमन आदि में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

5. छत्तीसगढ़ विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों, अंतर–राज्यीय खुली पहुंच, ग्रिड इंटरएक्टिव वितरित अक्षय ऊर्जा स्रोतों के अनुसार टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम एवं शर्तों से संबंधित विनियमों में संशोधन

विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ᑭ में दिया गया है।

6. दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने उपभोक्ताओं और लोकपाल की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए, तथा न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच करने के लिए व्यवसाय योजनाओं और व्यवसाय संचालन के विनियम जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ᑭ में दिया गया है।

7. गुजरात विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने विद्युत आपूर्ति संहिता और संबंधित मामलों, हरित ऊर्जा मुक्त पहुँच विनियमों से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ᑭ में दिया गया है।

8. हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस) विनियम, 2023, हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (फोरम और लोकपाल) विनियम, 2023, हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ फ्रेमवर्क के अंतर्गत उत्पादन, ट्रांसमिशन, व्हीलिंग और वितरण और खुदरा आपूर्ति के लिए टैरिफ के निर्धारण के लिए निबंधन और षर्तें) विनियम, 2019 से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

9. झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने विद्युत आपूर्ति संहिता और संबंधित मामलों, हरित ऊर्जा मुक्त पहुँच विनियमों से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

10. संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश)

वर्ष के दौरान, आयोग ने व्यवसाय संचालन विनियमन, बहु–वर्षीय टैरिफ के उत्पादन, पारेषण और वितरण से संबंधित विनियमनों में संशोधन तैयारध्जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ᑭ में दिया गया है।

11. संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम)

वर्ष के दौरान, आयोग ने ग्रिड से जुड़ी अक्षय ऊर्जा, ईंधन और बिजली खरीद लागत समायोजन के लिए मीटरिंग से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

12. संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जम्मू कश्मीर और लद्दाख)

वर्ष के दौरान, आयोग ने बहुवर्षीय उत्पादन, पारेषण, वितरण टैरिफ विद्युत व्यापार के निर्धारण, लोड पूर्वानुमान, संसाधन योजनाओं और विद्युत खरीद प्रक्रियाओं, ग्रिड इंटरएक्टिव अक्षय ऊर्जा प्रणालियों और इससे संबंधित मामलों के लिए दिशा–निर्देश जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

13. कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने ओपन एक्सेस, प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग आदि से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

14. केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने टैरिफ निर्धारण के लिए नियम व शर्तों, उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, तथा विद्युत लोकपाल आदि से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

15. मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने विद्युत आपूर्ति कोड, ग्रिड कोड, विनियामक अनुपालन की रिपोर्टिंग के लिए दिशानिर्देश, पूर्वानुमान, समय–निर्धारण, विचलन निपटान तंत्र और पवन और सौर उत्पादन स्टेशनों से संबंधित मामलों, ग्रिड इंटरएक्टिव अक्षय ऊर्जा प्रणालियों से संबंधित मामलों, पारंपरिक ईंधन आधारित कैप्टिव पावर प्लांट्स के संबंध में बिजली खरीद और अन्य मामलों, विद्युत संतुलन और निपटान कोड, हरित ऊर्जा और ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं के लिए ओपन एक्सेस शुल्क और बैंकिंग शुल्क के निर्धारण की पद्धति, मध्य प्रदेश में अंतर–राज्यीय ओपन एक्सेस के लिए निबंधन और शर्तें, ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से बिजली का सह–उत्पादन और उत्पादन, उत्पादन शुल्क के निर्धारण के लिए निबंधन और शर्तें से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

16. महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने वितरण ओपन एक्सेस, ग्रिड इंटरएक्टिव रूफटॉप नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली, नवीकरणीय खरीद दायित्व, इसके अनुपालन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र फ्रेमवर्क) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2024 के कार्यान्वयन से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

17. मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस विनियमन, संसाधन पर्याप्तता विनियमन के लिए रूपरेखा, तथा दूरसंचार नेटवर्क की सुविधा के लिए डिस्कॉम परिसंपत्तियों को किराए/पट्टे पर देने से संबंधित नियम

विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

18. नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–ए में दिया गया है।

19. ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस विनियमन के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आदेश जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

20. पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने उत्पादन, पारेषण, व्हीलिंग और खुदरा आपूर्ति शुल्क निर्धारण के लिए नियम और शर्तों, अंतर–राज्यीय खुली पहुंच के लिए नियम और शर्तों, कर्मचारियों की नियुक्ति और सेवा शर्तों, बिजली आपूर्ति संहिता और संबंधित मामलों, ग्रिड इंटरएक्टिव रूफटॉप सोलर फोटो वोल्टिक सिस्टम, व्यवसाय का संचालन, पूर्वानुमान, शेड्यूलिंग, विचलन निपटान और सौर और पवन उत्पादन स्रोतों से संबंधित मामलों से संबंधित विनियमों में संशोधन जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

21. राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने बिजली आपूर्ति संहिता और उससे जुड़े मामलों, ग्रिड इंटरएक्टिव वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन प्रणालियों, अक्षय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए नियम और शर्तों से संबंधित अक्षय ऊर्जा खरीद दायित्व विनियमन और संशोधन जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

22. सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने ग्रीन एनर्जी ओपन एक्सेस, न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच के लिए व्यवसाय संचालन के लिए निबंधन और षर्तें जारी कीं। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

23. त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा दिशा–निर्देशों, बहुवर्षीय वितरण शुल्क और हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस शुल्क के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग से संबंधित विनियम विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध–। में दिया गया है।

24. तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने सब्सिडी के भुगतान की प्रक्रिया से संबंधित विनियमन, विद्युत (उपभोक्ता के अधिकार) नियम, 2020 और सीआरपी सिफारिशों के प्रावधानों को शामिल करने वाली आपूर्ति संहिता, विद्युत (उपभोक्ता के अधिकार) नियम, 2020 के प्रावधानों को शामिल करने वाली वितरण संहिता, सीजीआरएफ और ईओ विनियम,

और आरपीओ और पूर्वानुमान, समय–निर्धारण और विचलन निपटान और पवन और सौर उत्पादन के लिए संबंधित मामलों पर विनियमन, 2024 से संबंधित विनियमन में संशोधन किया। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

25. तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने बहुवर्षीय टैरिफ विनियमन से संबंधित विनियम विरचित/जारी किए तथा बिजली की व्हीलिंग और खुदरा बिक्री के लिए टैरिफ निर्धारण हेतु नियम एवं शर्तों में संशोधन किया। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

26. उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने रूफटॉप सोलर पीवी ग्रिड इंटरएक्टिव सिस्टम ग्रॉस/नेट मीटरिंग, अंतर–राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम को कनेक्टिविटी अनुदान से संबंधित विनियमों में संशोधन विरचित/जारी किए तथा पावर सिस्टम डेवलपमेंट फंड विनियमन पर विनियमन जारी किया। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

27. उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम और शर्तों, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित सह–उत्पादन स्टेशनों, हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस से बिजली की आपूर्ति के लिए टैरिफ और अन्य शर्तों से संबंधित विनियम विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

28. पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग

वर्ष के दौरान, आयोग ने टैरिफ निर्धारण और सहायक सेवाओं के तौर–तरीकों से संबंधित विनियम विरचित/जारी किए। वर्ष के दौरान जारी किए गए महत्वपूर्ण विनियमों और आदेशों का विवरण अनुबंध– । में दिया गया है।

4 राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थिति रिपोर्ट

राष्ट्रीय बिजली नीति और टैरिफ नीति सभी को समान, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने, बिजली के विक्रेता और व्यापारी के खिलाफ उपभोक्ता के अधिकार की सुरक्षा और पूरे क्षेत्र के सतत विकास पर जोर देती है। एफओआर की सभी गतिविधियाँ भी इन्हीं बुनियादी सिद्धांतों के इर्द–गिर्द घूमती हैं। यह एफओआर के परिभाषित उद्देश्यों में से एक ''उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और बिजली क्षेत्र में दक्षता, अर्थव्यवस्था और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना'' से स्पष्ट होता है।''

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान फोरम द्वारा अपने उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए की जाने वाली गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

1) 85वीं बैठक के दौरान, एफओआर ने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विद्युत (हरित ऊर्जा मुक्त पहुंच के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना) नियम, 2022 के नियम 5 पर विचार–विमर्श किया, जो कम बिजली प्राप्त करने वाले मुक्त पहुंच उपभोक्ताओं को मुआवजा देने की अनुमति देता है। फोरम ने कहा कि यद्यपि ओपन एक्सेस के लिए एक समर्पित और स्वतंत्र फीडर होना वांछनीय हो सकता है, लेकिन अन्य राज्यों में ऐसी प्रथाएं हैं, जहां ऊर्जा के साथ–साथ हानियों का लेखा–जोखा रखना संभव है, भले ही वहां कोई स्वतंत्र फीडर न हो।

2) 85वीं बैठक के दौरान, फोरम ने "हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं के लिए ओपन एक्सेस प्रभारों और बैंकिंग प्रभारों की गणना" पर एफओआर–मॉडल विनियमों के संबंध में विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के संदर्भ पर भी विचार–विमर्श किया और महसूस किया कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र प्रदान करके मुआवजे के लिए मॉडल विनियमों में मौजूदा प्रावधान पर्याप्त है।

3) फोरम ने 85वीं बैठक के दौरान, कम जोखिम वाली परियोजनाओं में ट्रेडिंग लाइसेंसधारक के अपेक्षाकृत उच्चतर ट्रेडिंग मार्जिन पर भी विचार–विमर्श किया और महसूस किया कि सीईआरसी इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर सकता है और यह भी निर्णय लिया कि सचिवालय विद्युत मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को एसबीडी/आरएफपी में संशोधन करने के लिए लिखे तथा ट्रेडिंग मार्जिन पर निर्णय उपयुक्त आयोग पर छोड़ दे, ताकि बाजार में प्रतिस्पर्धा हो सके।

4) 86वीं बैठक के दौरान, फोरम ने विद्युत अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत विद्युत मंत्रालय द्वारा कुछ अंतर–राज्यीय उत्पादन स्टेशनों को आयातित कोयले के मिश्रण के माध्यम से संकट अवधि के दौरान बिजली उत्पादन करने के लिए जारी निर्देशों पर चर्चा की। विस्तृत चर्चा के बाद, फोरम ने सिफारिश की कि सीईआरसी इस संदर्भ में दिशानिर्देश या विनियमन तैयार करने पर विचार करे।

5) विद्युत मंत्रालय से डिस्कॉम्स के एटीएंडसी घाटे को आरडीएसएस के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के साथ संरेखित करने के संबंध में प्राप्त 86वीं बैठक के संदर्भ में फोरम ने निर्णय लिया कि संबंधित आयोग इस मामले पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

6) 86वीं बैठक के दौरान फोरम ने संसाधन पर्याप्तता पर कार्य समूह के प्रयासों और संसाधन पर्याप्तता पर तैयार की गई रिपोर्ट तथा मॉडल विनियमन की सराहना की। फोरम ने यह भी सुझाव दिया कि प्रस्तावित ढांचे का क्रियान्वयन तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों के लिए किया जा सकता है।

7) 87वीं बैठक में फोरम ने विद्युत मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) संशोधन नियम, 2023 के विशिष्ट प्रावधानों के क्रियान्वयन में कठिनाई के संबंध में एमपीईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार–विमर्श किया, जिसमें निर्देश दिया गया था कि यदि दर्ज अधिकतम मांग में वृद्धि होती है, तो संशोधित स्वीकृत भार अगले वित्तीय वर्ष में बिलिंग चक्र से स्वचालित रूप से रीसेट हो जाएगा। गहन विचार–विमर्श के उपरांत फोरम ने निर्णय लिया कि सुझावों को अपनाना तथा आवश्यक प्रक्रिया तैयार करना संबंधित आयोगों का काम है।

8) केईआरसी से प्राप्त संदर्भ में हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं पर ओपन एक्सेस शुल्क और बैंकिंग शुल्क की गणना की कार्यप्रणाली पर मॉडल विनियमन में संशोधन की आवश्यकता का सुझाव देते हुए, फोरम ने वर्तमान मुद्दे पर विचार–विमर्श करने और चर्चा के दौरान पहचाने गए मुद्दों पर समाधान प्रस्तावित करने के लिए ''नियमों और विनियमों के सामंजस्य'' पर एक कार्य समूह का गठन किया।

9) 87वीं बैठक के दौरान, फोरम ने नियमों और विनियमों के सामंजस्य पर कार्य समूह से विद्युत मंत्रालय द्वारा 26 जुलाई 2023 को अधिसूचित विद्युत (द्वितीय संशोधन) नियम, 2023 का विश्लेषण करने का अनुरोध किया, जिसमें आरओई, एटीएंडसी हानियों आदि के संबंध में आवश्यक प्रावधानों में परिवर्तन का उल्लेख किया गया था और नियमों के आधार पर मॉडल एमवाईटी विनियमों में परिवर्तन का सुझाव देने का अनुरोध किया गया था।

10) टीबीसीबी के माध्यम से ट्रांसमिशन परियोजनाओं के पुरस्कार के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा सीमा की अधिसूचना के संबंध में विद्युत मंत्रालय की 87वीं बैठक के संदर्भ के मुद्दे पर फोरम ने सहमति व्यक्त की कि सभी राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों को सीमा को परिभाषित करना चाहिए क्योंकि 23.11.2022 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार यह अनिवार्य है।

11) अपनी 88वीं बैठक के दौरान फोरम ने हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग से प्राप्त संदर्भ के आधार पर डिस्कॉम की व्यवहार्यता पर एक कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया, जिसमें घाटे में कमी, कर्मचारियों तथा डिस्कॉम की व्यवहार्यता को प्रभावित करने वाले अन्य मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

12) आरडीएसएस के अंतर्गत स्मार्ट मीटर कार्यान्वयन के लिए स्व–वित्तपोषण मॉडल के संबंध में विद्युत मंत्रालय के संदर्भ पर, जिसमें विद्युत मंत्रालय ने बताया कि असम के एपीडीसीएल ने 15 फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति माह प्रति मीटर लगभग 40 रुपये का लाभ हुआ है, फोरम ने एपीडीसीएल से पिछले वर्षों के लिए एक प्रति–तथ्यात्मक विश्लेषण करने और राजस्व में वृद्धि और स्मार्ट मीटर की स्थापना के बीच संबंध स्थापित करने का अनुरोध किया।

13) आयोग द्वारा अनुमोदित नए ग्रिड कोड के अनुरूप राज्य ग्रिड कोडों के संरेखण के संबंध में सीईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर, फोरम ने इस मुद्दे को फोरम द्वारा विचारार्थ उपयुक्त सिफारिश हेतु स्थायी तकनीकी समिति को भेजने का निर्णय लिया।

14) विद्युत (संशोधन) नियम 2022 के संबंध में, जिसमें एक कार्यान्वयन एजेंसी को केंद्रीय पूल की प्रत्येक श्रेणी के लिए मासिक आधार पर 'एक समान नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क' की गणना करने का काम सौंपा गया है, फोरम ने निर्णय लिया कि मामले को आगे के विचार–विमर्श के लिए आरई नीति पर एफओआर कार्य समूह को भेजा जा सकता है।

15) बैठक के दौरान, फोरम ने "वितरण क्षेत्र के लिए अधिकतम टैरिफ" पर कार्य समूह की रिपोर्ट को भी अंगीकृत किया।

16) नवीकरणीय ऊर्जा नीति पर कार्य समूह की प्रारंभिक रिपोर्ट पर, फोरम ने निर्णय लिया कि सचिवालय निम्नलिखित सिफारिशों को शामिल करने के लिए विद्युत मंत्रालय से संपर्क कर सकता है:

- ऑफ–पीक अवधि के दौरान बैंक में जमा की गई ऊर्जा को 8: की दर से बैंकिंग शुल्क का भुगतान करके ऑफ–पीक अवधि के दौरान वापस लेने की अनुमति होगी।
- नवीकरणीय ऊर्जा की अंतर्राज्यीय व्हीलिंग/बैंकिंग संभव नहीं है, क्योंकि यह ऊर्जा और विचलन लेखांकन तथा अंतर्राज्यीय लेनदेन के वाणिज्यिक निपटान के लिए क्षेत्रीय ढांचे के अनुरूप नहीं है, जो साप्ताहिक निपटान चक्रों के साथ 15 मिनट के समय–ब्लॉक पर आधारित है।
- हरित ऊर्जा मुक्त पहुंच (जीईओए) उपभोक्ताओं को बैंकिंग चक्र में हरित ऊर्जा स्रोत से बिजली की कुल मासिक खपत का अधिकतम तीस प्रतिशत बैंक में जमा करने की अनुमति दी जाएगी।
- कार्य समूह की सिफारिश कि हरित ऊर्जा टैरिफ का निर्धारण जीईओए नियमों के अंतर्गत निर्धारित, हरित ऊर्जा टैरिफ के विभिन्न घटकों के निर्धारण के लिए एमपीईआरसी द्वारा अपनाई गई विधि और फार्मूलेशन के अनुसार किया जाना चाहिए, पर सहमति हुई। फोरम ने यह भी सिफारिश की कि हरित ऊर्जा टैरिफ संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए औसत बिलिंग दर से कम नहीं होनी चाहिए।

17) नीति और विनियामक दोनों मोर्चों पर विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए 14 जून, 2023 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक के दौरान, फोरम ने ऐसे मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए एफओआर का एक कार्य समूह/समिति गठित करने पर सहमति व्यक्त की।

18) 8 फरवरी, 2024 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक के दौरान फोरम ने जलविद्युत के विकास, विशेष रूप से ग्रिड स्थिरता के लिए पंप स्टोरेज के लिए एचपीईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर चर्चा की और जलविद्युत विकास को प्रोत्साहित करने के उपायों का पता लगाने और जलविद्युत क्षमता के दोहन में तेजी लाने के तरीके और साधन सुझाने के लिए एक कार्य समूह का गठन करने का निर्णय लिया।

19) केईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर, जिसमें फोरम का ध्यान समूह कैप्टिव स्थिति के सत्यापन के संबंध में सिविल अपील संख्या 8527–8529/2009 में दिनांक 09.10.2023 के आदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट यूनिटरी अनुपात योग्यता पद्धति पर आकर्षित किया गया था, फोरम ने नोट किया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट सिद्धांत को वहां लागू किया जा सकता है, जहां कैप्टिव उपयोगकर्ताओं द्वारा वास्तविक खपत 51: से अधिक है और कैप्टिव उपयोगकर्ताओं की शेयरधारिता 26 प्रतिशत से अधिक है।

टैरिफ नीति और राष्ट्रीय विद्युत नीति में रेखांकित महत्वपूर्ण पहलुओं पर फोरम के सदस्यों की उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

1) वित्त वर्ष 2023–24 के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग की टैरिफ अनुसूची (अनुबंध-II)

2) वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य विद्युत विनियामक आयोग के आदेशों की समयसीमा (अनुबंध-III)

3) वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान सीजीआरएफ और लोकपाल का कामकाज (अनुबंध-IV)

5 केविविआ/एसईआरसी और जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची

विनियामक फोरम के सदस्य (31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार)

विनियामक फोरम के अध्यक्ष		
01.	श्री जिष्णु बरुआ	केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी)
विनियामक फोरम के सदस्य		
02.	न्यायमूर्ति (श्री) सी.वी. नागार्जुन रेड्डी	आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एपीईआरसी)
03.	श्री आर के जोशी	अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एपीएसईआरसी)
04.	श्री कुमार संजय कृष्ण	असम विद्युत विनियामक आयोग (एईआरसी)
05.	श्री आमिर सुभानी	बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग (बीईआरसी)
06.	श्री हेमन्त वर्मा	छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग (सीएसईआरसी)
07.	न्यायमूर्ति (श्री) जयंत नाथ	दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी)
08.	श्री अनिल मुकीम	गुजरात विद्युत विनियामक आयोग (जीईआरसी)
09.	श्री नंद लाल शर्मा	हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी)
10.	श्री डी.के. शर्मा	हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एचपीईआरसी)
11.	न्यायमूर्ति (श्री) अमिताव कुमार गुप्ता	झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जेएसईआरसी)
12.	श्री आलोक टंडन	गोवा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी)
13.	श्री लोकेश दत्त झा	जम्मू–कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी)
14.	श्री रेंगथनवेला थांगा	मणिपुर और मिजोरम के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम के लिए जेईआरसी)
15.	श्री पी. रवि कुमार	कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग (केईआरसी)
16.	श्री टी.के. जोस	केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग (केएसईआरसी)
17.	श्री एस.पी.एस. परिहार	मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एमपीईआरसी)
18.	श्री संजय कुमार	महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग (एमईआरसी)
19.	श्री पी.डब्लू. इंगटी	मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एमएसईआरसी)
20.	श्री खोसे सेल	नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग (एनईआरसी)
21.	श्री गजेन्द्र महापात्रा (पदेन अध्यक्ष)	ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग (ओईआरसी)
22.	श्री विश्वजीत खन्ना	पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग (पीएसईआरसी)
23.	डॉ. बी.एन. शर्मा	राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (आरईआरसी)
24.	श्री के.बी. कुंवर	सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसएसईआरसी)

25.	श्री एम. चन्द्रशेखर	तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग (टीएनईआरसी)
26.	श्री टी. श्रीरंगा राव	तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग (टीएसईआरसी)
27.	श्री डी. राधाकृष्ण	त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग (टीईआरसी)
28.	श्री अरविंद कुमार	उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (यूपीईआरसी)
29.	श्री डी.पी. गैरोला(अध्यक्ष प्रभारी)	उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग (यूईआरसी)
30.	डॉ. एम.वी. राव	पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग (डब्ल्यूबीईआरसी)

6 एफओआर का वार्षिक लेखा

V.K. KHOSLA & CO.
Chartered Accountants

सेवा में,
सचिव,
विनियामक फोरम,
सचिवालयः मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग
तृतीय व चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ,
नई दिल्ली - 110 001.

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार विनियामक फोरम की संलग्न तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा और प्राप्तियां और भुगतान लेखा की लेखा परीक्षा की है। यह वित्तीय विवरण प्राथमिक रूप से विनियामक फोरम का उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व हमारे लेखा परीक्षा पर आधारित इन वित्तीय विवरणियों पर राय व्यक्त करना है।

हमने भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। इन मानकों में यह अपेक्षा है कि उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए हम लेखापरीक्षा की योजना बनाते हैं और कार्यनिष्पादन करते हैं कि वित्तीय विवरणी गलत विवरणों से मुक्त है। लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में रकम एवं प्रकटन का समर्थन करने वाले परीक्षण आधार साक्ष्यों की जांच शामिल है। इसमें समूची वित्तीय विवरणी प्रस्तुति का मूल्यांकन करते हुए शामिल किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक सेवाओं (क्षमता निर्माण एवं परामर्श सेवाओं के लिए) के लिए वर्ष के दौरान विनियामक फोरम द्वारा विद्युत मंत्रालय से प्राप्त रु.80.00 लाख की वित्तीय सहायता की राशि में से रु.25.40 की शेष अव्ययित निधियां, वित्तीय वर्ष 2024-25 में आगे ले जाई गई हैं।

हमारी राय में और हमारी सूचना के अनुसार और हमारे द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार वित्तीय विवरणियों में भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखागत सिद्धांतों के अनुसार इस उचित एवं सही रूप में दिया गया हैः

क) 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार फोरम के कार्यों के तुलनपत्र के मामलें में और
ख) आय एवं व्यय लेखा के मामले में, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए अधिशेष।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफ आर एनः 002283एन
(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यतासं.:095944
स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 19 जून, 2024
यूडीआईएनः 24095944BKEB043248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

(राशि - रु. में)

कोरपस/पूंजीगत निधि एवं देयताएं	अनुसूची	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
कोरपस/पूंजी निधि	1	3,70,10,643	3,70,10,643
रिज़र्व एवं अधिशेष	2	3,07,68,293	3,79,26,117
निश्चित की गई/ बंदोबस्त निधियां	3	25	(146)
चालू देयताएं एवं प्रावधान	4	75,99,282	60,87,211
कुल		7,53,78,243	8,10,23,825
आस्तियां			
नियत आस्तियां	5	1,70,647	2,29,577
चालू आस्तियां, ऋण, अग्रिम इत्यादि	6	7,52,07,596	8,07,94,248
कुल		7,53,78,243	8,10,23,825
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	12		
आकस्मिक देयताएं एवं लेखों पर नोट	13		

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEB043248

विनियामक फोरम
31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि/वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता

(राशि - रु. में)

	अनुसूची	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
आय			
फीस/अंशदान	7	3,00,00,000	30,00,000
विद्युत मंत्रालय से प्राप्त अनुदान	3	80,00,125	32,15,444
अर्जित ब्याज	8	47,77,565	45,21,707
अन्य आय		18,037	-
कुल (क)		**4,27,95,727**	**1,07,37,151**
व्यय			
स्थापना व्यय	10	-	-
अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	11	4,18,60,602	3,01,10,650
उपयोग किए गए अनुदान (विद्युत मंत्रालय) :	3		
(क) क्षमता निर्माण		80,00,125	32,15,444
(ख) परामर्शदाता सेवाएं		-	-
मूल्यह्रास (अनुसूची 5 के अनुरूप वर्ष के अंत में नियत कुल)		92,824	1,07,355
पूर्व अवधि व्यय		-	-
कुल (ख)		**4,99,53,551**	**3,34,33,449**
आय के व्यय से आधिक्य होने पर शेष (क-ख)		**(71,57,824)**	**(2,26,96,298)**
कर के लिए प्रावधान (चालू वर्ष)		-	-
कर के लिए प्रावधान (पूर्ववर्ती वर्ष)		-	-
सामान्य रिजर्व को/से अंतरण		**(71,57,824)**	**(2,26,96,298)**
अधिशेष/(घाटा) का शेष कोरपस/पूंजी निधि में से लाया गया		-	-
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	12		
आकस्मिक देयताएं एवं लेखों पर नोट	13		

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEB043248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची 1 - कोरपस/पंजीगत निधि	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
वर्ष के आरंभ में शेष		3,70,10,643		3,70,10,643
जोड़: कोरपस/पूंजीगत निधि के लिए अंशदान	-		-	
जोड़/(घटा):आय एवं व्यय खाते से अंतरित निवल आय/(व्यय) का शेष	-	-	-	-
वर्ष के अंत में शेष		3,70,10,643		3,70,10,643

अनसची 2 -रिज़र्व एवं अधिशेषः	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
1. रिज़र्व पूंजीः				
अंतिम खाते के अनुसार	-		-	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
घटाः वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
2. पुनर्मूल्यन रिज़र्वः				
अंतिम खाते के अनुसार	-		-	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
घटाः वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
3. विशेष रिज़र्व				
अंतिम खाते के अनुसार	-		-	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
घटाः वर्ष के दौरान कटौती	-	-	-	-
4. सामान्य रिज़र्व				
अंतिम खाते के अनुसार	3,79,26,117		5,80,83,775	
घटाः वर्ष के दौरान काटना	(71,57,824)		(2,26,96,298)	
जमाः वर्ष के दौरान जोड़ना	-	3,07,68,293	25,38,641	3,79,26,117
(अर्थात् वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए कर के लिए उपबंध))				
कुल		3,07,68,293		3,79,26,117

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते बी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथिः 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

	निधि-वार ब्रेक-अप		
अनुसूची 3 - निर्दिष्ट की गई/संलग्न निधियां	योजना निधि		पूर्ववर्ती वर्ष
क) **निधियों का आरंभिक शेष**		(146)	-
ख) निधियों में परिवर्धन:			
i. दान/अनुदान	80,00,000		
ii. निधियों से किए गए निवेशों से ब्याज	24,772	80,24,772	46,62,132
iii. राज्य एजेंसियों से प्राप्त रिफंड			
कुल (क+ख)		80,24,626	46,62,132
ग) **निधियों के प्रयोजन से इनका उपयोग / व्यय**			
i. **पूंजीगत व्यय**			
- नियत आस्तियां	-		
- अन्य	-	-	-
कुल (i)		-	-
ii. राजस्व व्यय			
- वेतन, मजदूरी एवं भत्ते आदि।	-		
- किराया	-		
- अन्य प्रशासनिक खर्च	80,00,125	80,00,125	32,15,444
iii. वापस की गई अव्ययित वित्तीय सहायता (ब्याज सहित)		24,476	14.46.834
कुल (ii + iii)		80.24.601	46.62.278
कुल (ग) = (i + ii + iii)		80,24.601	46,62,278
वर्ष के अंत में निवल शेष (क+ख-ग)		25	(146)

नोट

1) अनुदानों से जुड़ी शर्तों के आधार पर संगत शीर्षों के अंतर्गत प्रकटीकरण किया जाएगा।

2) केन्द्रीय/राज्य सरकारों से प्राप्त योजना निधियों को पृथक निधियों के रूप में दर्शाया जाएगा और किन्हीं अन्य निधियों के साथ मिलाया नहीं जाएगा।

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(भागीदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBDY3248

विनियामक फॉरम

31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
अनुसूची 4 - चालू देयताएं और प्रावधान				
क - चालू देयताएं				
1. स्टीकृतियां		-		-
2. विविध ऋणदाता :				
क) माल के लिए	-		-	
ख) अन्य	-	-	-	-
3. प्राप्त अग्रिम		-		-
4. उपचित परंतु देय नहीं ब्याज:				
क) जमानती ऋण/उधार	-		-	
ख) गैर-जमानती ऋण/उधार	-	-	-	-
5. सांविधिक देयताएं :				
क) अतिदेय	-		-	
ख) अन्य	-	-	-	-
6. अन्य चालू देयताएं		-		-
उप (क)		-		-
ख - प्रावधान				
1. कराधान के लिए				
(i) पूर्ववर्ती वर्ष	50,73,620		50,73,620	
(ii) चालू वर्ष	-		-	
		50,73,620		50,73,620
2. ग्रेचुअटी		-		-
3. सेवानिवृत्ति/पेंशन		-		-
4. संचयित अवकाश नकदीकरण		-		-
5. व्यापार वारंटियां/दावे		-		-
6. अन्य:				
(i) प्रतिदेय लेखापरीक्षा फीस	24,500		25,000	
(ii) प्रतिदेय श्रम (आउटसोर्सिंग) व्यय	2,94,084		2,96,731	
(iii) प्रतिदेय बैंकर व्यय	-		-	
(iv) प्रतिदेय कार्यालय व्यय	1,374		174	
(v) प्रतिदेय व्यावसायिक प्रभार (एफओआर की लिपि) व्यय	31,000		28,000	
(vi) प्रतिदेय व्यावसायिक फीस (स्टाफ परामर्शदाता) व्यय	65,227		59,296	
(vii) प्रतिदेय अध्ययन एवं परामर्श (एफओआर की लिपि)	-		-	
(viii) प्रतिदेय प्रशिक्षण व्यय (फॉरम की लिपि)	-		-	
(ix) संविदा पर प्रतिदेय टीडीएस	12,043		12,071	
(x) व्यावसायिक फीस पर प्रतिदेय टीडीएस	17,26,136		4,90,783	
(xi) किराया पर प्रतिदेय टीडीएस	-		-	
(xii) सीजीएसटी+एसजीएसटी+आईजीएसटी पर प्रतिदेय टीडीएस	3,59,626		1,01,536	
(xiii) प्रतिदेय टेलिफोन व्यय	-		-	
(xiv) प्रतिदेय वेबमास्टर व्यय	11,870	25,25,662	-	10,13,591
उप (ख)		75,99,282		60,87,211
कुल (क) + (ख)		75,99,282		60,87,211

इससे संबद्ध लाभ को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

FRN 2293 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEB073248

विनियामक स्वरूप

31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची 5 - अचल आस्तियां

विवरण	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास					निवल ब्लॉक	
	वर्ष के आरंभ में लागत/मूल्यांकन	वर्ष के दौरान अभिवृद्धियां	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	वर्ष के अंत में लागत/मूल्यांकन	वर्ष के आरंभ में	वर्ष के आरंभ में आस्तियों पर वर्ष के दौरान	वर्ष के दौरान अभिवृद्धियों पर	वर्ष के दौरान कटौतियों पर	वर्ष के अंत तक कुल	चालू वर्ष के अंत में	पूर्ववर्ती वर्ष के अंत में
क. अचल आस्तियां											
1. भूमि:											
क) पूर्ण स्वामित्व	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) पट्टे पर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2. भवन:											
क) पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि पर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) पट्टे वाली भूमि पर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) स्वामित्व वाले फ्लैट/परिसर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) इकाई से संबंध न रखने वाली भूमि पर सुपरस्ट्रक्चर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
3. संयंत्र और मशीनरी और उपस्कर	52,023	33,894	-	85,917	40,374	6,832	-	-	47,206	38,711	11,649
4. वाहन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
5. फर्नीचर, फिक्सचर	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6. कार्यालय उपस्कर	25,840	-	-	25,840	21,125	707	-	-	21,832	4,008	4,715
7. कंप्यूटर/सहायक उपकरण	10,53,990	-	-	10,53,990	8,40,777	85,285	-	-	9,26,062	1,27,928	2,13,213
8. विद्युत अधिष्ठापन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
9. लाईब्रेरी की पुस्तकें	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
10. ट्यूबवेल एवं जल आपूर्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
11. अन्य नियत आस्तियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
चालू वर्ष का कुल	11,31,853	33,894	-	11,65,747	9,02,276	92,824	-	-	9,95,100	1,70,647	2,29,577
पूर्ववर्ती वर्ष	9,47,504	1,84,349	-	11,31,853	7,94,921	1,07,355	-	-	9,02,276	2,29,577	
ख. पूंजीगत अर्धनिर्मित उत्पादन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	
कुल	11,31,853	33,894	-	11,65,747	9,02,276	92,824	-	-	9,95,100	1,70,647	

उपर्युक्त सहित अवक्रय आधार पर आस्तियों की लागत के लिए नोट दिया जाए।

हमारे संबद्ध तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

Place: New Delhi
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBBY3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -6- चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
क - चालू आस्तियां				
1. माल सूची :				
क) स्टोर और स्पेयर्स	-		-	
ख) खुले औजार	-		-	
ग) बिक्री के लिए माल				
तैयार माल	-		-	
अर्धनिर्मित उत्पादन	-		-	
कच्चा माल	-	-	-	-
2. विविध देनदार:				
क) 6 माह की अवधि से अधिक का बकाया कर्ज	-		-	
घटाए: वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए	-		-	
ख) अन्य	-	-	16,96,000	16,96,000
3. हाथ में नकदी शेष (चैक/ड्राफ्ट/अग्रदाय सहित)		24		24
4. बैंक शेष :				
क) अनुसूचित बैंकों के साथ :				
- चालू खातों पर	-		-	
- जमा खातों पर (मार्जिन राशि सहित)				
(i) नियत जमा	3,70,10,644		3,70,10,644	
(ii) ऑटो स्वीप/फ्लेक्सी जमा	2,31,60,000		2,90,95,000	
- बचत खातों पर				
(i) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (एसबी खाता सं. 000068)	50,289		53,498	
(ii) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (एसबी खाता सं. 1708 - एमओपी)	6,06,751		60,748	
		6,08,27,684		6,62,19,890
ख) गैर-अनुसूचित बैंकों के साथ :				
चालू खातों पर	-		-	
जमा खातों पर	-		-	
बचत खातों पर	-	-	-	-
5. डाकघर बचत खाते		-		-
कुल (क)		6,08,27,708		6,79,15,914

जारी...2...

इससे संबद्ध तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
स्थान : नई दिल्ली
यूडीआईएन : 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -6- चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि (जारी.....)	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
ख - ऋण, अग्रिम एवं अन्य परिसंपत्तियां				
1. ऋण :				
क) स्टाफ	-		-	
ख) इकाई की तरह समान गतिविधियों/उद्देश्यों में लगी हुई अन्य इकाइयां	-		-	
ग) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-	-	-
2. नकद में या वस्तु के रूप में या प्राप्त होने वाले मूल्य के लिए वसूली योग्य अग्रिम और अन्य राशियां :				
क) पूंजीगत लेखा पर	-		-	
ख) पूर्व भुगतान	-		-	
ग) अन्य				
(i) प्रतिभूति जमा (एमटीएनएल)				
पूर्ववर्ती वर्ष	-		-	
घटाएं: वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए	-		-	
(ii) स्रोत पर काटा गया कर (टीडीएस):				
पूर्ववर्ती वर्ष	12,52,015		12,52,015	
चालू वर्ष	2,95,345		4,50,863	
(iii) अन्य मूल्यांकन कर:				
पूर्ववर्ती वर्ष	4,73,000		4,73,000	
(iv) प्राप्य शिक्षा व्यय	1,10,930		-	
(v) पूर्वदत्त व्यय	18,647			
(vi) जीएसटी (इनपुट) :				
चालू वर्ष	39,95,859		29,12,301	
जोड़: अग्रिम कर:				
पूर्ववर्ती वर्ष	76,96,155		78,96,155	
चालू वर्ष	-		-	
जोड़: प्राप्य जीएसटी (आउटपुट):				
चालू वर्ष	-		-	
जोड़: प्राप्य आईजीएसटी पर टीडीएस:				
पूर्ववर्ती वर्ष	-		88,000	
चालू वर्ष	56,984	1,38,98,935	6,000	1,28,78,334
3. प्रोद्भूत आय:				
क) उद्दीष्ट/बंदोबस्त निधियों से निवेश पर	-		-	
ख) निवेशों पर - अन्य	4,80,953		-	
ग) ऋणों एवं अग्रिमों पर	-		-	
घ) अन्य (रु. ___ की अप्राप्त देय आय सम्मिलित है)	-	4,80,953	-	-
4. प्राप्तियोग्य दावे		-		-
कुल (ख)		1,43,79,888		1,28,78,334
कुल (क+ख)		7,52,07,596		8,07,94,748

सम दिनांक तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002341एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं.: 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को अवधि/वर्ष के लिए आय और व्यय के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -7- फीस/अभिदान	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
1) प्रवेश शुल्क	-	-
2) वार्षिक शुल्क/अभिदान	3,00,00,000	30,00,000
3) संगोष्ठी/कार्यक्रम शुल्क	-	-
4) परामर्शकारी शुल्क	-	-
5) अन्य (निर्दिष्ट करें)		
i) आरटीआई शुल्क	-	-
कुल	3,00,00,000	30,00,000

नोट : प्रत्येक मद के लिए लेखांकन नीतियां दिखाई जाए

इससे संबद्ध तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को अवधि/वर्ष के लिए आय और व्यय के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -8- अर्जित ब्याज			चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
1. सावधि जमा पर :				
क) अनुसूचित बैंकों मे	टीडीएस - रु.	2,95,345	47,76,036	45,08,629
ख) गैर-अनुसूचित बैंकों मे			-	-
ग) संस्थानों में			-	-
घ) अन्य			-	-
2. बचत खातों पर :				
क) अनुसूचित बैंकों में			1,529	13,078
ख) गैर-अनुसूचित बैंकों में			-	-
ग) डाकघर बचत खाते			-	-
घ) अन्य			-	-
3. ऋणों पर :				
क) कर्मचारी/स्टाफ			-	-
ख) अन्य			-	-
4. देनदारों और अन्य प्राप्य राशियों पर ब्याज			-	-
कुल			47,77,565	45,21,707

नोट - स्रोत पर काटा गया कर दर्शाया जाए।

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEB043248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को अवधि/वर्ष के लिए आय और व्यय के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -9- अन्य आय	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
1) परिसंपत्तियों की बिक्री/निपटान पर लाभ :		
क) स्वाधिकृत आस्तियाँ	-	-
ख) अनुदानों से अर्जित, या निःशुल्क प्राप्त आस्तियाँ	-	-
2) वसूल किए गए निर्यात प्रोत्साहन	-	-
3) विविध सेवाओं के लिए शुल्क	-	-
4) विविध आय	-	-
5) देयताएं जिनकी आवश्यकता नहीं	18,037	-
कुल	18,037	-

अनुसूची -10- स्थापना व्यय	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
क) वेतन एवं मजदूरी	-	-
ख) भत्ते एवं बोनस	-	-
ग) भविष्य निधि में अंशदान	-	-
घ) अन्य निधि मे अंशदान (निर्दिष्ट करें)	-	-
ङ) कर्मचारी कल्याण व्यय	-	-
च) कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति और सीमान्तक लाभ पर व्यय	-	-
छ) अन्य (निर्दिष्ट करें)	-	-
कुल	-	-

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEB0Y3248

विनियामक फोरम

31 मार्च, 2024 को अवधि/वर्ष के लिए आय और व्यय के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि - रु. में)

अनुसूची -11- अन्य प्रशासनिक खर्च	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
क) क्रय	-	-
ख) मजदूरी एवं प्रसंस्करण प्रभार	35,39,946	35,20,735
ग) ढुलाई एवं आवक ढुलाई	-	-
घ) विद्युत एवं शक्ति	-	-
ङ) जल प्रभार	-	-
च) बीमा	-	-
छ) मरम्मत एवं रखरखाव	-	-
ज) उत्पाद शुल्क	-	-
झ) किराया, दरें एवं कर	-	-
ञ) वाहन संचालन एवं रखरखाव	-	-
ट) डाक, टेलिफोन एव संचार प्रभार	-	-
ठ) मुद्रण एवं लेखन सामग्री	1,36,478	86,264
ड) यात्रा एवं वाहन व्यय	4,328	1,060
ढ) सेमिनार/कार्यशालाओं पर व्यय	1,42,59,056	80,73,016
ण) अभिदान व्यय	-	-
त) फीस पर व्यय	-	-
थ) लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक	24,500	25,000
द) आतिथ्य व्यय	-	-
ध) व्यावसायिक प्रभार	8,53,797	6,25,044
न) अशोध्य संदिग्ध कर्ज/अग्रिमों के लिए प्रावधान	-	-
प) अपलिखित अशोध्य शेष	-	-
फ) पैकिंग प्रभार	-	-
ब) भाड़ा एवं अग्रेषण व्यय	-	-
भ) वितरण व्यय	-	-
म) विज्ञापन एवं प्रचार (अपलिखित अतिरिक्त प्रावधान का निवल)	-	-
य) क्षमता निर्माण व परामर्श	2,29,70,410	1,77,57,564
ककक) सचिवीय व्यय	-	-
कख) अन्य (निर्दिष्ट करें)		
i) अन्य व्यय (अपलिखित अतिरिक्त प्रावधान का निवल)	56,994	21,967
ii) वेबसाइट व्यय	15,093	-
iii) आत्म मूल्यांकन कर पर प्रदत्त ब्याज	-	-
iv) अपील के लिए फीस	-	-
कुल	4,18,60,602	3,01,10,650

इससे संबद्ध तारीख को हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम

अनुसूची 12 एवं 13: (31 मार्च, 2024 को तुलनपत्र का भाग)

विनियामक फोरम की पृष्ठभूमि

विनियामक फोरम विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166(2) के अधीन उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी, 2005 को अधिसूचना के माध्यम से गठित किया गया। फोरम ने केविविआ के अध्यक्ष और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष शामिल हैं। केविविआ के अध्यक्ष फोरम के अध्यक्ष हैं।

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात्

- केन्द्रीय आयोग और राज्य आयोग के टैरिफ आदेशों और अन्य आदेशों का विश्लेषण और कंपनियों के कुशल सुधारों को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए उक्त आदेशों उद्भूत आंकड़ों का संकलन;
- विद्युत क्षेत्र में विनियम को सुसंगत करना;
- अधिनियम के अधीन यथापेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानक निर्धारित करना;
- सामान्य हित और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न विषयों पर फोरम के सदस्यों में सूचना शेयर करना;
- विद्युत क्षेत्र विनियम से संबंधित विषयों पर आउट सोर्स के माध्यम से या इनहाउस अनुसंधान कार्य करना;
- उपभोक्ताओं के हित के संरक्षण के लिए और विद्युत क्षेत्र में कुशलता किफायत प्रतिस्पर्धा को विकसित करना; और
- इस प्रकार के अन्य कार्य जैसा कि केन्द्रीय सरकार समय-समय से निर्दिष्ट करती है।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः 002283एन

(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यता सं.: 095944
स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 19 जून, 2024
यूडीआईएनः 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम (एफओआर)

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखों के नोट (अगले पृष्ठ पर जारी)

1. **<u>लेखांकन की पद्धति</u>**

   लेखा ऐतिहासिक लागत पारंपरिक उपचित आधार के अधीन तैयार किए जा रहे हैं और कंपनी अधिनियम धारा, 2013 की धारा 133 के अधीन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अनिवार्य लेखांकन मानक के अनुरूप अनुपालन किया जा रहा है।

2. **<u>आय की मान्यता</u>**

   प्रत्येक सदस्य से सदस्यता शुल्क वार्षिक आधार पर प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार की फीस और अन्य आय उपचित आधार पर लेखाबहियों में की जाती है।

3. **<u>नियत आस्तियां और मूल्यह्रास</u>**

   नियत आस्तियों पर मूल्य ह्रास आयकर अधिनियम 61 में निर्धारित दरों के अनुसार बट्टा खाते मूल्य पद्धति पर किया गया है।

4. **<u>अनुदान</u>**

   क्षमता निर्माण और परामर्श के लिए प्राप्त सरकारी अनुदान उपचय आधार पर लेखाबद्ध किया गया है। अव्ययित अनुदान वापस किया गया है या देयता के रूप में दर्शाया गया है।

5. **<u>उत्तरवर्ती घटना को समायोजित करना</u>**

   <u>कर से संबंधित मामले</u>

(क) **निर्धारण वर्ष 2016-17 के लिए जांच मूल्यांकन**

(i) आयकर छूट की अनुपस्थिति में, निर्धारण अधिकारी ने नि.व. 2016-17 (वित्त.व. 2015-16) के लिए रु.25,03,750/- का कर और रु.21,70,000/- का जुर्माना लगाया है। एफओआर ने कर का भुगतान किया है और जुर्माने के विरुद्ध सीआईटी (ए) के पास अपील दायर की है।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

विनियामक फोरम (एफओआर)

(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यता सं.: 095944
स्थान: नई दिल्ली
तारीख: 19 जून, 2024
यूडीआईएन: 24095944BKEBDY3248

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखों के नोट (अगले पृष्ठ पर जारी)

(ii) दिनांक 31.07.2019 को केविविआ एवं एफओआर के उच्चतर अधिकारियों ने, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष से भेंट की जहाँ एफओआर के लिए छूट के अनुरोध से संबंधित मामले पर विस्तार से चर्चा हुई। तथापि, अध्यक्ष, सीबीडीटी को ज्ञात हुआ कि एफओआर को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(46) के अधीन छूट प्रदान किए जाने के लिए कोई समुचित आधार नहीं है। अध्यक्ष, एफओआर/केविविआ की ओर से दिनांक 11.09.2019 का अर्धशासकीय पत्र अध्यक्ष, सीबीडीटी को सकारात्मक निर्णय और एफओआर को छूट प्रदान किए जाने के अनुरोध के साथ भेजा गया। तथापि, कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। अतः भविष्य में एफओआर को आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 10(46) के अधीन छूट प्रदान किया जाना निश्चित नहीं है।

(iii) वित्त मंत्रालय ने 18 मार्च, 2020 को अपनी अधिसूचना द्वारा एक नई योजना अर्थात् "विवाद से विश्वास योजना 2020" आरंभ की है। आरंभ की गई योजना, प्रत्यक्ष करों के मामले में विवादों के समाधान के लिए है। उक्त योजना के अनुसार, विवादित जुर्माने या विवादित ब्याज से संबंधित कोई भी अपील (31 जनवरी, 2020 को लंबित) का निपटान 31 मार्च, 2020 को या इस से पूर्व विवादित जुर्माने या विवादित ब्याज, जैसा भी मामला हो, के 25% (और इस के बाद 30 जून, 2020 को या इससे पूर्व 10% का अतिरिक्त भुगतान द्वारा) के भुगतान द्वारा किया जा सकता है। तथापि, अब इस योजना को 31 दिसम्बर, 2020 तक बढ़ा दिया गया है। 11 मई, 2020 एवं 15 मई, 2020 को आयोजित एफओआर की 71वीं बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त योजना का लाभ उठाया जाए और वि.व. 2016-17 के लिए निर्धारण अधिकारी द्वारा लगाए गए जुर्माने (उपर्युक्त मद (iv) में संदर्भित है) का भुगतान किया जाए और मामले को समाप्त किया जाए। तदनुसार, वित्त. व. 2020-21 के दौरान, एफओआर सचिवालय ने रु.5,42,500/- की राशि का भुगतान कुल जुर्माना राशि के 25% के लिए किया और आयकर प्राधिकारियों के अधीन इस मामले की समाप्ति के दिनांक 15 जून, 2021 का अंतिम आदेश विधिवत रूप से प्राप्त किया गया है।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः 002283एन

(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यता सं.: 095944
स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 19 जून, 2024
यूडीआईएनः 24095944BKEBDY3248

विनियामक फोरम (एफओआर)

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखों के नोट (अगले पृष्ठ पर जारी)

6. <u>आकस्मिक देयताएं</u>

(i) वित्तीय वर्षों 2005-06 से 2014-15 के लिए आयकर के लिए कोई उपबंध नहीं किया गया है और ब्याज/जुर्माना, यदि कोई हो, का निर्धारण और उपबंध नहीं किया गया है जो कि आयकर छूट प्राप्त नहीं होने की दशा में हो सकते हैं।

(ii) पूर्व वर्षों के लिए सेवाकर के लिए कोई उपबंध नहीं किया गया है।

7. <u>सेवानिवृत्ति लाभ</u>

एफओआर में कोई नियमित कर्मचारी नहीं हैं। अतः कोई सेवानिवृत्ति लाभ देय नहीं है/उपबंध नहीं किया गया है।

8. <u>ऑटो स्वीप/फ्लेक्सी डिपॉजिट में जमा और एफडीआर में निवेश</u>

ऑटोस्वीप/फ्लेक्सी डिपॉजिट में जमा और एफडीआर में निवेश ऑटोस्वीप/फ्लेक्सी डिपॉजिट में सावधि जमा और अल्पकालिक जमा को लागत पर वर्णित किया गया है और नकदी एवं बैंक शेष में दर्शाया गया है।

9. यह पाया गया है कि बहियों और जीएसटी पोर्टल के अनुसार जीएसटी खाता-बहियों के बीच कुछ समाधान अंतर हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। हमारे सत्यापन के अनुसार, बहियों और इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट खाता-बही के बीच रु.1,04,734/- का अंतर है, जिसमें से रु. 57,822/- मई, 2023 में की गई लिपिकीय त्रुटि के कारण है, और शेष रु. 46,912/- पिछले वर्ष (वर्षों) के लिए समाधान नहीं की गई राशि है।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः 002283एन

(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यता सं.: 095944
स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 19 जून, 2024
यूडीआईएनः 24095944BKEBAY3248

विनियामक फोरम (एफओआर)

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखों के नोट (अगले पृष्ठ पर जारी)

10. आंकड़ों को पुनः वर्गीकृत किया गया और जहां आवश्यक हो उनकी पुनःव्यवस्था की गई।

कृते वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएनः 002283एन

(कमल खोसला)
साझेदार
सदस्यता सं.: 095944
स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 19 जून, 2024
यूडीआईएनः 24095944BKEBGY3248

विनियामक फोरम (एफओआर)

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

विनियामक फोरम
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्तियां एवं भुगतान

(राशि रु.में)

प्राप्तियां	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23	भुगतान	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23
1. आरंभिक शेष:			1. निम्नलिखित को रिलीज़:		
(क) नकद शेष	23.75	23.75			
			भारत सरकार - विद्युत मंत्रालय - योजना निधि (क्षमता निर्माण एवं परामर्श के लिए)	73,83,890.00	14,46,834.00
(ख) बैंक शेष					
(i) बचत खाता:					
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया - बचत-सह-ऑटो स्वीप खाता	2,91,48,498.38	5,77,69,503.57			
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया - बचत खाता (योजना निधि)	60,748.33	0.29			
(ii) सावधि जमा (फोरम निधि)	3,70,10,644.00	3,70,10,643.73			
2. निम्नलिखित से रिलीज़:			2. व्यय:		
भारत सरकार - विद्युत मंत्रालय - योजना निधि (क्षमता निर्माण एवं परामर्श के लिए)	80,00,000.00	46,26,000.00	(क) बैठक एवं संगोष्ठी व्यय	1,37,52,406.00	76,21,669.00
			(ख) व्यावसायिक शुल्क (सलाह परामर्शदाता)	7,29,323.00	5,13,159.00
			(ग) क्षमता निर्माण एवं परामर्श:		
			- फोरम की निधि	1,44,89,390.00	1,77,57,564.00
			- योजना निधि	6,40,495.00	32,15,443.96
			(घ) प्रशासनिक व्यय:		
			- बैंक प्रभार (फोरम की निधि)	146.32	423.48
			- बैंक प्रभार (योजना निधि)	305.93	-
			- श्रम (आउटसोर्सिंग) व्यय	32,27,464.00	32,17,155.00
			- मुद्रण एवं लेखन सामग्री व्यय	1,36,478.00	96,264.00
			- व्यावसायिक प्रभार	21,000.00	18,000.00
			- यात्रा व्यय	4,328.00	1,060.00
			- वेबसाइट व्यय	5,203.00	-
			- अन्य व्यय:		
			- ई-टीडीएस फाइल करने हेतु व्यय	277.00	300.00
			- कार्यालय व्यय/बैठक परीक्षा व्यय	55,697.00	10,602.00

हमारी संबद्ध तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार-

वी. के. खोसला एण्ड क.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283एन

V.K. KHOSLA & CO. * Chartered Accountants * FRN 2283 N NEW DELHI

(कमल खोसला)
(साझेदार)
एम.सं.: 095944

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBOY3248

विनियामक फोरम
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्तियां एवं भुगतान

(राशि रु.में)

प्राप्तियां	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23	भुगतान	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23
3. आवधिक प्राप्तियां			3. (i) स्टाफ को अग्रिम		
			(क) अन्य अग्रिम (व्यय)		
(क) सदस्यता शुल्क (फोरम की निधि)	3,00,00,000.00	30,00,000.00			
			(ii) ~~प्रशासनिक व्यय~~		
(ख) फ्लेक्सी जमा/सावधि जमा रसीद से ब्याज:					
- फोरम की निधि	23,05,253.00	21,45,743.00			
- कोरपस निधि	19,90,151.00	22,23,373.00	(क) लेखा परीक्षा फीस	24,500.00	25,000.00
			(ख) कार्यालय व्यय	174.00	774.00
			(ग) श्रम (आउटसोर्सिंग) व्यय (दायित्व का निवल)	2,96,731.00	2,81,256.00
			(घ) व्यावसायिक प्रभार	28,000.00	28,000.00
			(ङ) व्यावसायिक प्रभार (स्टाफ परामर्शदाता)	59,296.00	-
(ग) बचत खातों से ब्याज			(च) ऑटो स्वीप एफडीआर से ब्याज (फोरम की निधि)	65,165.00	24.00
- फोरम की निधि	1,529.00	13,078.00	(छ) आयकर (अग्रिम कर, टीडीएस, जीएसटी एवं अंतर मूल्यांकन कर पर टीडीएस)	2,30,501.00	3,11,326.00
- योजना निधि	24,772.00	36,132.00	(ज) जीएसटी (आउटपुट)	54,00,000.00	-
			(झ) जीएसटी (इनपुट)	41,49,841.00	31,15,494.00
			(ञ) बैठक के लिए अग्रिम	21,87,500.00	28,13,800.00
			(ट) कार्यालय व्यय/नियत आस्तियों के लिए अग्रिम	-	15,000.00
			(ठ)विज्ञापन, संविदा एवं व्यावसायिक शुल्क पर देय टीडीएस	14,70,190.00	13,63,493.00
			(ड) सीजीएसटी, एसजीएसटी एवं आईजीएसटी पर देय टीडीएस	3,33,960.00	3,18,195.00
			(ढ) वेबसाइट व्यय	-	-
			(ण) प्रशिक्षण व्यय	89,12,582.00	1,09,71,932.00
			(त) प्राप्य आईजीएसटी पर टीडीएस	2,00,000.00	14,000.00
			(थ) फ्लिंटेंड बैठक व्यय	-	20,20,830.00
			(द)अध्ययन एवं परामर्श (एफओआर की निधि)	-	4,45,500.00
			(ध) अध्ययन एवं परामर्श (एसओपी की निधि)	15,00,000.00	-
			(iii) अन्य व्यय:		
			(क) अन्य व्यय	18,647.00	31,320.00
4. अन्य प्राप्तियां			4. नियत आस्तियों पर व्यय:		
			(क) टेबलेट	-	71,326.00
			(ख) कम्प्यूटर	-	1,13,023.00
			(ग) प्रिंटर	33,894.00	-
5. विशेष प्राप्तियां			5. अंतिम शेष:		
			(क) नकद शेष	23.75	23.75
			(ख) बैंक शेष		
			(i) बचत खाता:		
			यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बचत-सह-ऑटो स्वीप खाता	2,32,10,289.06	2,51,48,498.38
			यूनियन बैंक ऑफ इंडिया - बचत खाता (योजना निधि)	6,86,751.40	60,748.33
			(ii) सावधि जमा (कॉरपस निधि)	3,70,10,644.00	3,70,10,644.00

हमारी समतिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
वी. के. खोसला एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 002283N

(करण खोसला)
(साझेदार)
एम.सं. : 095944

स्थान : नई दिल्ली
तिथि: 19 जून, 2024
यूडीआईएन सं.: 24095944BKEBDY3248

V.K. KHOSLA & CO. FRN 2283 N NEW DELHI Chartered Accountants

आंतरिक वित्तीय सलाहकार

सचिव

विनियामक फोरम
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्तियां एवं भुगतान

(राशि रु.में)

प्राप्तियाँ	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23	भुगतान	चालू वर्ष 2023-24	पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23
6. **अन्य प्राप्तियां**					
- अन्य व्यय	-	31,714.56			
- प्रशिक्षण अग्रिम (एफओआर निधि)	23,54,362.00	92,75,932.00			
- प्रशिक्षण अग्रिम (एमओपी की निधि)	15,00,000.00	-			
- प्राप्य सदस्यता फीस	-	8,00,000.00			
- बैठक के लिए अग्रिम	15,69,569.00	22,62,453.00			
- जीएसटी (इनपुट) दावा	28,29,220.00	-			
- प्राप्य आईजीएसटी पर टीडीएस	2,37,016.00	-			
- विज्ञापन, संविदा एवं व्यावसायिक शुल्क पर देय टीडीएस	26,92,266.00	16,73,006.00			
- सीजीएसटी, एसजीएसटी एवं आईजीएसटी पर देय टीडीएस	5,92,050.00	3,90,741.00			
- प्राप्य टीडीएस	4,50,863.00	-			
- देय व्यावसायिक प्रभार (एफओआर की निधि)	-	2,200.00			
